

# मेट्रो Rays

आगे रखने का वादा



रांची, मंगलवार, 10 दिसंबर 2024

संवत 2081, मार्गशीर्ष शुक्ल 9- मूल्य 2 रुपये

वर्ष-8, अंक 94 , पृष्ठ-8, RNI No.-JHAHIN/2017/75028

सांध्य दैनिक


4 ▸▸ जलवायु परिवर्तन की चुनौती और समाधान

पुष्पा 2 द रूल की बॉक्स ऑफिस पर सुनामी, 500 करोड़ के पार पहुंची कमाई ◂◂ 6






## मुबंईः कुर्ला बस दुर्घटना में मृतकों की संख्या बढ़कर हुई 7, 49 घायल



**मुंबईः** कुर्ला पश्चिम में सोमवार रात एसजी बारवे मार्ग पर बृहन्मुंबई विद्युत आपूर्ति और परिवहन उपक्रम (बेस्ट) की बस ने पैदल यात्रियों और वाहनों को टक्कर मार दी। जिसमें मरने वालों की संख्या बढ़कर 7 हो गई। जबकि 49 अन्य घायल हो गए। इसकी जानकारी अग्निशमन विभाग के अधिकारी ने दी।

बस अंधेरी की ओर जा रही थी तभी हुआ हादसाः पुलिस ने बताया बस अंधेरी की ओर जा रही थी, तभी कुर्ला पश्चिम में यह दुर्घटना हुई। बृहन्मुंबई नगर निगम (बीएमसी) ने बताया कि बस ने सोलोमन बिल्डिंग के आरसीसी कॉलम से टकराने से पहले 100 मीटर की दूरी पर 30-40 वाहनों को टक्कर मारी, जिससे इसकी परिसर की दीवार टूट गई। बस ने नियंत्रण खो दिया और कुछ वाहनों को कुचल दिया। घायलों को कुर्ला में बीएमसी द्वारा संचालित भाभा अस्पताल और सायन अस्पताल सहित नजदीकी अस्पतालों में ले जाया गया। भाभा अस्पताल के डॉ पद्मश्री अहिरे ने बताया कि घायलों को इलाज के लिए ले जाया गया। इनमें से दो लोगों को मृत अवस्था में लाया गया जबकि एक घायल की मौत भर्ती होने के बाद हुई।

ब्रेक फेल होने से हुआ हादसाः शिवसेना विधायक दिलीप लांडे ने कहा कि दुर्घटना का कारण ब्रेक फेल होना था। उन्होंने बताया, कुर्ला स्टेशन से रवाना हुई एक बस का ब्रेक फेल हो गया और चालक ने बस पर नियंत्रण खो दिया। चालक घबरा गया और ब्रेक दबाने के बजाय उसने एक्सीलेटर दबा दिया और बस की गति बढ़ गई। वह बस को नियंत्रित नहीं कर सका और 30-35 लोगों को टक्कर मार दी।

**चालक को हिरासत में ले लिया गयाः** डीसीपी जोन 5 गणेश गावड़े ने बताया, बस चालक को हिरासत में ले लिया है और उससे पूछताछ की जा रही है।

# विस सत्र : राज्य के विकास में सत्ता पक्ष और विपक्ष की भूमिका अहम् : मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन

**मेट्रो रेज**



**रांची :** झारखंड विधानसभा के विशेष सत्र के दूसरे दिन रवींद्रनाथ महतो के स्पीकर चुने जाने के बाद मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने सदन को संबोधित किया। हेमंत सोरेन ने सबसे पहले रविंद्र नाथ महतो को फिर से स्पीकर चुने जाने पर बधाई दी। उन्होंने कहा कि पंचम झारखंड विधानसभा में रवींद्रनाथ महतो की अध्यक्षता में सदन सफलतापूर्वक चला। आगे कहा कि राज्य के सर्वांगीण विकास में सत्ता पक्ष के साथ विपक्ष की भूमिका अहम है। विपक्ष से आग्रह किया कि इस चुनाव के दौरान राज्य की जनता ने जो निर्णय सुनाया है, उस निर्णय का सम्मान करें।

यह लोकतंत्र का सबसे बड़ा मंदिर : रवींद्रनाथ महतो के स्पीकर चुने जाने के बाद सीएम ने उन्हें बधाई दी। कहा कि मैं अपनी पार्टी और सत्ता पक्ष की ओर से ढ़ेर सारी शुभकामनाएं देता हूं। आगे कहा कि ये लोकतंत्र का सबसे बड़ा मंदिर है। यह देश के महान विभूतियों के समर्पण और त्याग का परिणाम है। कहीं न कहीं हमारे इस लोकतंत्र का लोहा पूरी दुनिया मानता है। अलग-अलग रंग, बोली, सभ्यता-संस्कृति एक साथ मिलकर एक समूह में रहकर अपनी हर समस्या का समाधान करते हैं। आज उन महान विभूतियों के विचारों को देश आजाद होने से अब तक सम्मान करते आये हैं। उनके विचारों को अपने कंधों पर लेकर निरंतर इस लोकतंत्र को और मजबूत करने में लगे हैं।

राज्य की बेहतरी के लिए मिलकर आगे बढ़ने का करेंगे प्रयासः सीएम ने रवींद्र नाथ महतो को बधाई देते हुए कहा कि आपकी अध्यक्षता में पंचम विधानसभा सत्र सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। आपने बहुत ही सहनशीलता और संवेदनशीलता के साथ सदन को चलाया। सदन में पक्ष-विपक्ष होते हैं। दोनों की बीच आपने संतुलन और गरिमा को बनाये रखा। निश्चित रूप से आपने सदन की गरिमा को और मजबूत रखने में अहम भूमिका अदा की है। इसके लिए उन्होंने स्पीकर के प्रति अभार प्रकट किया। आगे कहा कि इसी प्रकार सबने सर्वसम्मति से आपको षष्टम विधानसभा के अध्यक्ष के रूप में चुना है। उम्मीद और भरोसा है कि षष्टम विधानसभा भी पूर्व सत्रों की तरह हम सब मिलकर इस राज्य के सर्वांगीण विकास के लिए इस मंदिर में एकत्रित होंगे और हम सब मिलकर इस राज्य के बेहतरी के लिए मिलकर आगे बढ़ने का प्रयास करेंगे।

## झारखंड विधानसभा के स्पीकर चुने गए झामुमो विधायक रबींद्रनाथ महतो, सीएम हेमंत सोरेन ने दी बधाई



### रबींद्र नाथ महतो ने नाला विधानसभा सीट पर भाजपा के माधव चंद्र महतो को 10,483 वोटों के अंतर से हराया था।

**मेट्रो रेज**

**रांचीः** झारखंड मुक्ति मोर्चा (झामुमो) उम्मीदवार रबींद्रनाथ महतो को झारखंड विधानसभा का निर्विरोध अध्यक्ष चुना गया। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने उनके नाम का प्रस्ताव रखा था। झामुमो विधायक मथुरा प्रसाद महतो ने उनके नाम का समर्थन किया। सत्तारूढ़ गठबंधन की तरफ से सीएम हेमंत सोरेन ने रबींद्रनाथ महतो को शुभकामनाएं दी। इसी के साथ झारखंड विधानसभा में स्पीकर के तौर पर यह उनका लगातार दूसरा कार्यकाल है।

### सदन निर्बाध चले, गतिरोध ना हो, यही आपसे है अपेक्षा : रवींद्र नाथ महतो

**रांची :** स्पीकर चुने जाने के बाद रवींद्रनाथ महतो ने कहा कि मुझे आप सभी से अपेक्षा है कि सदन निर्बाध रूप से चले और सदन में गतिरोध ना हो। उन्होंने स्पीकर चुने जाने पर सभी दलों के प्रति आभार व्यक्त किया। भाजपा विधायक बाबूलाल मरांडी ने स्पीकर रवींद्रनाथ महतो को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि आग्रह है कि कोई भी विधायक जब सदन में मामला उठाये तो उसका समाधान हो। सदन के कस्टोडियन के नाते सभी को अवसर दें। इससे नये विधायकों में आत्मविश्वास पैदा होगा। स्पीकर पद के लिए नाला विधायक रबींद्रनाथ महतो के पक्ष में कुल सात प्रस्ताव आये। सीएम ने प्रस्ताव रखा। मथुरा महतो ने समर्थन किया। इसके बाद सर्वसम्मति से प्रस्ताव स्वीकृत हुआ।

रबींद्र नाथ महतो ने नाला विधानसभा सीट पर भाजपा के माधव चंद्र महतो को 10,483 वोटों के अंतर से हराया था। उन्होंने सोमवार को अन्य विधायकों के साथ झारखंड विधानसभा के सदस्य के तौर पर शपथ ली। सोमवार को पत्रकारों से बात करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा था, हमनें स्पीकर पद के लिए रबींद्र नाथ महतो का नाम प्रस्तावित किया है। हमें उम्मीद है कि वे सर्वसम्मति से चुने जाएंगे। हमने उनके नाम पर सहमति बनाने की पूरी कोशिश की है।

झामुमो के नेतृत्व वाले गठबंधन लगातार दूसरी बार सत्ता में आया है। विधानसभा चुनाव में गठबंधन ने 81 में से 56 सीटों पर जीत हासिल की। वहीं एनडी को केवल 24 सीटों पर ही जीत मिली।

## हजारीबाग में बस पलटने से एक दर्जन से अधिक यात्री घायल, रिम्स

### छपरा से रांची शादी समारोह में शामिल होने आ रही थी बस



**हजारीबाग :** जिले के चरही थाना क्षेत्र अंतर्गत चरही घाटी यूपी मोड़ पर सड़क दुर्घटना में विक्रम बस (जेएच 09बीडी 2221) में सवार एक दर्जन यात्री घायल हो गए। जबकि 6 लोगो को गंभीर चोट लगी है, जिसमें 4 से 5 घायलों को रांची रिम्स रेफर किया गया है।

**शादी के लिए बिहार से झारखंड आ रही थी बसः** जानकारी के अनुसार 10 दिसंबर को अहले सुबह लगभग 5:30 बजे विक्रम बस बिहार के छपरा से रांची में शादी की पार्टी में जा रही थी। इस दौरान बस में करीब 60 यात्री सवार थे। उसी दौरान चरही घाटी के यूपी मोड़ के पास बस का संतुलन बिगड़ गया और बस पलट गई। जिससे दर्जनों यात्री घायल हो गए।

**घायलों को मेडिकल कॉलेज में कराया गया भर्तीः** घटना की जानकारी मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और सभी घायलों को शेख भिखारी कॉलेज और सदर अस्पताल इलाज के लिए भेज दिया। वहीं ताजा जानकारी के मुताबिक लगभग सभी यात्रियों को बेहतर इलाज के लिए रिम्स रेफर कर दिया गया था। फिलहाल हादसे के कारणों का पता नहीं चला है आखिर क्यों बस ने अपना संतुलन खोया और पलट गई।



## अडानी-मोदी भाई- भाई वाला बैग लेकर संसद पहुंचीं प्रियंका गांधी, राहुल बोले- क्यूट है

**नई दिल्लीः** कांग्रेस नेता प्रियंका गांधी वाड्रा मंगलवार को संसद में एक अनोखा बैग लेकर पहुंचीं। बैग में एक आकर्षक डिजाइन था जिसमें एक तरफ प्रधान मंत्री नरेंद्र मोदी और अरबपति उद्योगपति गौतम अडानी की तस्वीर थी और दूसरी तरफ मोदी अडानी भाई भाई का नारा छपा हुआ था। बैग देखकर खुश हुए राहुल गांधी ने बातचीत के दौरान इसे उठाया और कहा, यह काफी प्यारा है। प्रारंभ में, उन्होंने मोदी-अडानी छवि वाले सामने के डिजाइन की जाँच की और फिर पीछे की ओर लिखे नारे को पढ़ने के लिए इसे घुमाया। नारा देखकर राहुल ने मुस्कुराते हुए कहा, 'देखो यह कितना प्यारा है!'

राहुल ने प्रियंका से बैग के डिजाइनर के बारे में भी पूछा, जिस पर वह हंस पड़ीं। केंद्र सरकार पर प्रियंका गांधी का तंज विपक्ष के हमलों की श्रृंखला में नवीनतम है, जिसमें उन्होंने अमेरिका में अडानी के खिलाफ रिश्वतखोरी के आरोपों पर चर्चा से बचने का आरोप लगाया है। 20 नवंबर को सत्र शुरू होने के बाद से दोनों सदनों ने इस मुद्दे पर लगातार व्यवधान का अनुभव किया है। सोमवार (9 दिसंबर) को, कांग्रेस सांसद मनिकम टैगोर और सप्तगिरी शंकर उलाका ने प्रधान मंत्री नरेंद्र मोदी और अदानी समूह के अध्यक्ष गौतम अदानी के चेहरे के मुखौटे पहने, क्योंकि विपक्षी नेताओं ने फिर से संसद में विरोध प्रदर्शन किया, अमेरिका में अरबपति उद्योगपति से जुड़े रिश्वत मामले की जांच की मांग की।

कांग्रेस सांसद और विपक्ष के नेता, राहुल गांधी को टैगोर और उलाका की तस्वीरें खींचते देखा गया और उनके रिश्त का वर्णन करने के लिए भी कहा गया। इसके जवाब में उन्होंने मजाक उड़ाते हुए कहा, हम दोनो मिलके सब करेंगे। हमारा रिश्ता सालों से है। इंडिया ब्लॉक के विपक्षी सांसद, जिन्हें तृणमूल कांग्रेस, समाजवादी पार्टी और आम आदमी पार्टी से उम्मीद है, सोमवार को विरोध प्रदर्शन में शामिल होंगे और मामले की संयुक्त संसदीय जांच की मांग करेंगे। प्रदर्शनकारी संसद के मकर द्वार के बाहर खड़े रहे और मोदी, अडानी एक हैं और हमें न्याय चाहिए जैसे नारे लगाए।

### लालू यादव का भी राहुल गांधी से उठा भरोसा, बोले-

# ममता बनर्जी को दी जाये इंडिया गठबंधन की कमान



**पटनाः** राजद प्रमुख लालू प्रसाद ने मंगलवार को कहा कि पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री और तृणमूल कांग्रेस सुप्रीमो ममता बनर्जी को इंडिया ब्लॉक का नेतृत्व करने की अनुमति दी जानी चाहिए। उनकी यह टिप्पणी बनर्जी द्वारा भाजपा विरोधी गठबंधन की कमान संभालने की मंशा व्यक्त करने के कुछ दिनों बाद आई है। प्रसाद ने यह भी कहा कि अगर इंडिया ब्लॉक की एक प्रमुख सहयोगी कांग्रेस को बनर्जी को विपक्षी मोर्चे के नेता के रूप में स्वीकार करने में कोई आपत्ति है, तो इससे कोई फर्क नहीं पड़ेगा।

राजद प्रमुख ने कहा कि ममता बनर्जी को इंडिया ब्लॉक का नेतृत्व करने की अनुमति दी जानी चाहिए। विपक्षी गुट के नेता के रूप में उन्हें स्वीकार करने के लिए कांग्रेस के आरक्षण के बारे में पूछे जाने पर, लालू ने कहा कि कांग्रेस के विरोध से कोई फर्क नहीं पड़ेगा। उन्हें इंडिया गुट का नेतृत्व करने की अनुमति दी जानी चाहिए। इससे पहले, लालू के बेटे और वरिष्ठ राजद नेता तेजस्वी यादव ने कहा था कि उन्हें बनर्जी सहित इंडिया गुट के किसी भी वरिष्ठ नेता के गठबंधन का नेतृत्व करने पर कोई आपत्ति नहीं है, लेकिन इस बात पर जोर दिया कि निर्णय आम सहमति से होना चाहिए।

महाराष्ट्र और हरियाणा में कांग्रेस के नेतृत्व वाले इंडिया गठबंधन की हार के बाद खलबली मची हुई है। टीएमसी और ममता बनर्जी इसके लिए कांग्रेस पर सवाल खड़े कर रही है। टीएमसी का दावा है कि ममता बनर्जी को इंडिया गठबंधन का नेतृत्व करना चाहिए। इसी को लेकर जम्मू कश्मीर के मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला ने इस पर अपनी प्रतिक्रिया दी है। उन्होंने कहा कि लोकसभा चुनाव के बाद इंडिया ब्लॉक की कोई बैठक नहीं हुई है, इसलिए नेतृत्व परिवर्तन का सवाल ही नहीं उठता। एक बैठक होने दीजिए और अगर ममता बनर्जी चाहें तो उन्हें नेतृत्व का दावा करने दीजिए। इस बारे में कोई चर्चा नहीं हुई है।

न्यूज ब्रीफ

## मिमशाद की जोड़ी सेमी फाइनल से दो कदम दूर

**रांची।** मॉर्निंग ग्रुप के तत्वाधान में आज से शुरू हुए मौलाना अबुल कलाम आजाद बैडमिंटन टूर्नामेंअ में मो मिमशाद अपने जोड़ीदार मो इरशाद के साथ जीत का आगाज करते हुए अपने दोनों मैच में बाजी मारकर कुल चार अंक अर्जित कर सेमी फाइनल की राह आसान कर ली जहां ये जोड़ी अपने पहले मैच में सुशांत देव और उसके पार्टनर परवेज खान को सीधे सेटों में मात दिया जबकि दूसरे मैच में अब्दुल खालिक नन्हू की जोड़ी को हरा कर अपने दोनों मैच जीत लिए। वहीं ग्रुप ए में अपना पहला मैच खेलते हुए गत चैंपियन डॉ शेरान अली अपने जोड़ीदार असजद खान के साथ खेलते हुए शमीम मुजीबी और उनके पार्टनर मुस्तकीम आलम को सीधे सेटों में हरा कर जीत से आगाज किया,इसके पूर्व टूनामेंट का आगाज मॉर्निंग ग्रुप के अध्यक्ष अकिल उर रहमान और सरपरस्त हाजी हलीमुद्दीन ने करते हुए संयुक्त रूप से कहा कि टूनामेंट का आयोजन कर लोगों में खास तौर पर युवा और बच्चों में खेल के प्रति जागरूक करना है ।आज के मैच के मुख्य रेफरी हसन सैफी प्रिंस ने अपने सहयोगी कुस्सु के अलावा टीम मैनेजमेंट में इकबाल अंसारी,नफीस अख्तर ने भी अपना योगदान दिया।

## सुनील सिंह ने वर-वधू को आशीर्वाद देकर की सुखमय जीवन की कामना



**रांची:** भाजपा किसान मोर्चा प्रदेश मीडिया प्रभारी सह राष्ट्र सेवा फाउंडेशन के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष सुनील कुमार सिंह रांची मेन रोड के द केन होटल में मित्रवत भाई जयकुमार सिंह (रानीक, चौपारण, हजारीबाग, झारखंड निवासी)की पुत्री सोनाली सिंह की शादी समारोह में शामिल हुए। सोनाली सिंह की शादी रामपुर, पलामू, झारखंड निवासी मनीष सिंह के साथ हुई है। मौके पर श्री सिंह ने वर- वधू को आशीर्वाद देकर सुखमय जीवन की कामना की। उन्होंने नव दंपत्ति जोड़े को आशीर्वाद देते हुए कहा कि इनका पारिवारिक दांपत्य जीवन सुखमय व सरल हो, ईश्वर से यही कामना है। शादी समारोह में पिता जयकुमार सिंह माता-रीता सिंह के साथ चाचा बली सिंह, बलवंत सिंह, अशोक सिंह,चाची नीलू सिंह,रूबी सिंह , फुआ लालिमा सिंह, भाई युवराज सिंह,अमित कुमार, श्रवण कुमार, शक्ति कुमार, विशाल कुमार, मामा विकास सिंह, विक्रम सिंह, जीजा सुनील सिंह, बहन स्वाति सिंह, रंजना सिंह, खुशबू,सिंह,शिवानी,अंजलि,प्रगति,प्रेरणा, सहित सैकड़ो की संख्या में परिवार व रिश्तेदार के लोग शामिल हुए।

## ग्रामीण विकास मंत्री दीपिका पाण्डेय को दी बधाई व शुभकानाएं



**रांची:** झारखण्ड प्रदेश यूथ मोमिन कान्फ्रेंस के पदाधिकारियों ने ग्रामीण विकास मंत्री दीपिका पाण्डेय से भेंट कर मुबारकबाद पेश की। झारखण्ड प्रदेश यूथ मोमिन कॉन्फ्रेंस के कार्यकारी अध्यक्ष शाहिद इकबाल एवं महासचिव शाहबाज अहमद ने ग्रामीण विकास मंत्री दीपिका पाण्डेय से भेट कर मुबारकबाद दिया और ग्रामीण क्षेत्रों में मुस्लिम खास कर मुस्लिम महिलाओं की समस्याओं से अवगत कराया। शाहिद इकबाल ने बताया कि विभिन्न कारणों से मुस्लिम महिलाए राज्य सरकार द्वारा चलाए जा रहे विकास कार्यों का लाभ नहीं उठा पा रही है जिसका एक मुख्य कारण ग्रामीण मुस्लिम महिलाओं तक सूचना का समय पर नहीं पहुंचना है। मंत्री दीपिका पाण्डेय ने प्रतिनिधिमंडल को ये भरोसा दिलाया कि वो अगले पांच वर्षों में ये सुनिश्चित करेंगी की जितनी भी सरकारी योजनाएं खासकर वैसी योजनाएं जो महिलाओं को सशक्त बनाती है उसका लाभ राज्य की हर एक महिला तक पहुंचे।

## खनन विभाग का सघन जांच अभियान,दो ट्रैक्टर एक हाइवा जब्त



बोकारो : उपायुक्त विजया जाधव के निदेर्शानुसार जिले के विभिन्न स्थानों पर खनिज लदे वाहनों की सघन जांच अभियान चलाया गया, जिसमें कई वाहनों की जाँच की गई,जिसमें चंद्रपुरा थाना अंतर्गत झरनाडीह के समीप अवैध रूप से बालू खनिज का परिवहन करते हुए 02 ट्रैक्टर एवं स्टेट बैंक, शांति चौक के समीप 01 हाईवा को पकड़ा गया, जिसे विधिवत जप्त कर चंद्रपुरा थाना को सुपुर्द किया गया।उक्त अभियान में खान निरीक्षक जितेंद्र कुमार एवं सीताराम टुडू, पुलिस बल व अन्य मौजूद थे।

## महिला से एक करोड़ की ठगी, मामला दर्ज

**रांची :** शहर के कोकर भट्ठी रोड (तिरिल) निवासी प्रीति चौधरी से एक करोड़ रुपये से अधिक की ठगी का मामला सामने आया है। आरोप है कि शराबनी दास उर्फ सुपरना दास नामक जालसाज ने महिला से बिजनेस में पैसे लगाने के नाम पर धोखाधड़ी कर ली। मामले में पीड़िता ने सदर थाने में प्राथमिकी दर्ज कराई है। क्या कहती है पीड़ित महिलाः प्रीति चौधरी ने पुलिस को दिए आवेदन में बताया है कि आरोपी ने खुद को सीसीएल का सप्लायर बताकर उनसे जान-पहचान बढ़ाई और बिजनेस में पैसे लगाने का झांसा देकर जनवरी से लेकर जून के बीच कई किस्तों में एक करोड़ रुपये से अधिक की वसूली कर ली। आरोपी ने पीड़िता को आश्वासन दिया कि वह दो महीने के भीतर मुनाफे के साथ पूरा पैसा लौटा देगा। लेकिन, जब पीड़िता ने बैंक में चेक जमा किए तो वो बाउंस हो गए। पैसे वापस मांगने पर धमकायाः चेक बाउंस होने के बाद जब महिला ने आरोपी से इस बारे में बात की तो आरोपी ने गाली-गलौज की और फिर जान से मारने की धमकी भी दे डाली। इसके बाद पीड़िता ने पुलिस में शिकायत दर्ज कराई और आरोपी के खिलाफ मामला दर्ज हुआ।

# रोजगार और विकास हेमन्त सरकार की प्राथमिकताः मंत्री सुदिव्य कुमार

### विश्वकर्मा समाज का मुख्यमंत्री अभिनन्दन समारोह जनवरी में: विकास राणा

**मेट्रो रेज संवाददाता**

**रांचीः** झारखण्ड प्रदेश विश्वकर्मा समाज के प्रदेश अध्यक्ष विकास राणा की अध्यक्षता में विश्वकर्मा समाज की प्रदेश स्तरीय कोर कमेटी की बैठक परिसदन भवन हजारीबाग में आयोजित की गई। इस बैठक मे झारखण्ड के सभी जिला से नियुक्त प्रदेश स्तरीय कोर कमेटि के सदस्य उपस्थित हुए।

बैठक में बतौर मुख्य अतिथि झारखण्ड सरकार के नगर विकास मंत्री सुदिव्य कुमार सोनू उपस्थित हुए। समाज के वरीय संरक्षक शिव किशोर शर्मा ने बताया सर्वप्रथम कोर कमेटी के सभी सदस्यों ने बुके देकर एवं माला पहनाकर गर्मजोशी से मंत्री का स्वागत किया । साथ ही बैठक में सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया



कि जनवरी में मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन एवं मंत्री सुदिव्य कुमार सोनू का राज्यस्तरीय अभिनन्दन समारोह का आयोजन राँची में किया जायेगा जिसमें पूरे झारखण्ड से विश्वकर्मा समाज के लोग हजारों हजार की संख्या में शामिल होंगे।

मौके पर मुख्यअतिथि नगर विकास मंत्री सुदिव्य कुमार सोनू ने कहा कि मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन ने मुझपर भरोसा करके मंत्री पद की जिम्मेवारी सौंपी है उस पर मैं खरा उतरने का प्रयास करूँगा। आनेवाले दिनों में झारखण्ड की तस्वीर बदलेगी। झारखण्ड के चहुमुखी विकास और युवाओं को रोजगार उपलब्ध कराना सरकार की प्राथमिकता होगी।

वहीं झारखण्ड प्रदेश विश्वकर्मा समाज के प्रदेश अध्यक्ष विकास राणा ने कहा कि राजधानी रांची में विश्वकर्मा समाज द्वारा जनवरी महीने में मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन एवं नगर विकास मंत्री सुदिव्य कुमार सोनू का भव्यरूप से अभिनन्दन किया जायेगा जिसकी तिथि बाद मे घोषित की जाएगी। इस अभिनन्दन समारोह में झारखण्ड के सभी जिला से हजारों की संख्या में विश्वकर्मा समाज के लोग शामिल होंगे।
आज के प्रदेश स्तरीय कोर कमेटी की बैठक में मुख्य रूप से प्रदेश अध्यक्ष विकास राणा,डोमन राणा,हीरामन मिस्त्री,यदु राणा,संजय कुमार शर्मा,संतन शर्मा,शंकर विश्वकर्मा, वरीय संरक्षक शिवकिशोर शर्मा, विनोद राणा,गुप्तेश्वर शर्मा, विनोद शर्मा,लखन लाल शर्मा, देवकी राणा,सुभाष राणा, जीतन राणा,गणेश राणा,रामलखन राणा,प्रो जगदीश शर्मा,महावीर राणा,उमेश शर्मा,कीनू राणा,बैजू शर्मा,मनोज विश्वकर्मा,अशोक राणा,बृजलाल राणा,उमेश राणा, संदीप शर्मा,सुनील राणा शामिल हुए।

## झारखंड में फिलहाल बारिश के आसार नहीं, छाया रहेगा घना कोहरा



**मेट्रो रेज संवाददाता**

**रांचीः** रांची-झारखंड में फिलहाल बारिश नहीं होगी। अगले पांच दिनों तक बारिश के आसार नहीं हैं। आज सुबह में घना कोहरा छाया रह सकता है। मौसम विभाग ने राज्य के पलामू और गढ़वा समेत 14 जिलों में घने कोहरे का येलो अलर्ट जारी किया है। मंगलवार को उत्तरी और दक्षिणी-पूर्वी भागों में सुबह में कहीं-कहीं घना कोहरा छाया रह सकता है।

घने कोहरे का अलर्टः मौसम विभाग ने झारखंड के जिन 14 जिलों के लिए घने कोहरे का अलर्ट जारी किया है, उनमें गढ़वा, पलामू, चतरा, हजारीबाग, कोडरमा, गिरिडीह, देवघर, दुमका, गोड्डा, साहिबगंज, पाकुड़, सरायकेला-खरसावां, पश्चिमी सिंहभूम और पूर्वी सिंहभूम शामिल हैं। सुबह में लोगों से सावधानी के साथ बाहर निकलने की अपील की गयी है।

तापमान में आएगी गिरावटः मौसम केंद्र रांची के प्रमुख और वरिष्ठ मौसम वैज्ञानिक अभिषेक आनंद ने जानकारी दी है कि अगले तीन दिनों में अधिकतम तापमान में तीन से पांच डिग्री की गिरावट आएगी। इस वजह से लोगों को ठंड का सामना करना पड़ेगा। तापमान में गिरावट के बाद दो दिन तक न्यूनतम तापमान में कोई बड़ा बदलाव देखने को नहीं मिलेगा।

## बिजली व्यवस्था सुधारने को लेकर अपर नगर आयुक्त ने दिये कई निर्देश

**मेट्रो रेज संवाददाता**

**बोकारो :** नगर निगम कार्यालय के सभागार में अपर नगर आयुक्त संजीव कुमार अध्यक्षता में नगर निगम के पदाधिकारी व कर्मियों के बीच शहर की बिजली व्यवस्था से संबंधित समीक्षात्मक बैठक आयोजित की गई । साथ ही बिजली व्यवस्था दुरुस्त करने तथा शहर के स्ट्रीट लाइट को ठीक करने हेतु कई महत्वपूर्ण निर्देश दिए गए। इसके लिए खराब पड़े बंद लाइटों की सूची उनकी मरम्मती तथा बेकार पड़े लाइटों के जगह नए लाइट लगाने का भी निर्देश दिया गया। स्ट्रीट लाइट से संबंधित एजेंसी को उसके रख - रखाव को दुरुस्त करने तथा तकनीति समस्या को अविलंब दूर करने का भी निर्देश जारी किया। अपर नगर आयुक्त संजीव कुमार ने शहर को



अतिक्रमण मुक्त कराने हेतु निरंतर अभियान चलाने का निर्देश दिया है। इस संबंध में उन्होंने कहा कि शहरवासियों को अतिक्रमण मुक्त करना हमारी प्राथमिकता ही नहीं बल्कि हमारी जवाबदेही भी है और इसे निरंतर चलाना होगा । साथ ही शहर वासियों से अपील भी किया है कि शहर को स्वच्छ तथा कचरा मुक्त कराने हेतु वह उनका सहयोग करें। इस दौरान सहायक नगर आयुक्त प्रियंका कुमारी, जयपाल सिंह मुंडा, स्ट्रीट लाइट से जुड़े संबंधित अधिकारी नगर प्रबंधक, नगर मिशन प्रबंधक तथा अन्य सभी कर्मी मौजूद थे।

## सड़क दुर्घटना में दो घायल

मुरीः भिखारी चौक गोला रोड में बाइक सवार दो युवक सड़क दुघर्टना में घायल हो गये। उिन्हें संगपुर नर्सिंग होम में भर्ती कराया गया। दोनों खतरे से बाहर है।

## भूमि से संबंधित मामलों के निष्पादन में लाएं तेजी : उपायुक्त



**मेट्रो रेज संवाददाता**

**बोकारो :** समाहरणालय स्थित कार्यालय कक्ष में उपायुक्त विजया जाधव ने सभी अंचलाधिकारियों (सीओ) के साथ बैठक की। बैठक में अंचल अधिकारियों के कार्यालय में लंबित भूमि संबंधित मामलों के निष्पादन में तेजी लाने का निर्देश दिया। उपायुक्त ने प्रत्येक सप्ताह के सोमवार बुधवार एवं शुक्रवार को जनता दरबार आयोजित कर आमजनों के दाखिल - खारिज (म्यूटेशन) संबंधित मामलों के निष्पादन का निर्देश दिया। इसके अलावा अपने-अपने पंचायत में शिविर लगाकर लोगों के जमीन संबंधित मामलों के निष्पादन का अंचल अधिकारियों को कहा। बैठक में उप विकास आयुक्त गिरजा शंकर प्रसाद, अपर समाहर्ता मो. मुमताज अंसारी, जिला परिवहन पदाधिकारी वंदना शेजवलकर, भूमि सुधार उप समाहर्ता प्रभाष द्वत्ता एवं सभी अंचल अधिकारी उपस्थित थे।

## सज गई क्रिसमस बाजार

रांची : ईसाई समुदाय में आगमन काल का दूसरा सप्ताह शुरू हो गया है। इस बीच युवाओं ने क्रिसमस गैदरिंग और कैरोल का आयोजन करना प्रारंभ कर दिया है। त्यौहार में क्रिसमस से संबंधित वस्तुओं की मांग बढ़ गई है। इसे देखते हुए दुकानदारों ने भी पुरूलिया रोड और अपर बाजार में क्रिसमस बाजार को पूरी तरह से सजा कर रखा है। क्रिसमस की सारी सामग्री एक दुकान में मिल जाए। इसका खास ख्याल खा जा रहा है। मोल तोल भाव में खरीद बिक्री हो रहा है। बजट के हिसाब से लोग खरीद रहे हैं। 24 दिसंबर को हर्षोउल्लास से क्रिसमस का आगाज हो जाएगा। शांटा टोपी -20, क्रिसमस बेबी डॉल-150, लच्छी-30, हिरण -100-120, बेल- 60 रूपया,बॉल-80 रूपया,पुआल वाला का चरणी-550,क्रुस वीर डिजाइन वाला-550,प्लेन वाला क्रुस-450,पीतल का क्रुस -950,यीशु मसीह का फोटो -80-650, शांता वाली पेंसिल-20,तारा-250,शांता सेट -220, हैंगिंग -500 रूपया में मिल रहा है।

## किसानों को बढ़ावा देने के लिए कृषि मंत्री से किया आग्रह



**मेट्रो रेज संवाददाता**

**रांचीः** केंद्रीय सरना संघर्ष समिति के प्रदेश अध्यक्ष शिवा कच्छप के नेतृत्व में सोमवार को कृषि मंत्री शिल्पी नेहा तिर्की से प्रोजेक्ट भवन में मुलाकात की और गुलदस्ता भेंट कर बधाई और शुभकामनाएं दी। इस मौके पर अध्यक्ष शिवा कच्छप ने कहा कि राज्यवासियों को काफी उम्मीदें हैं, किसानों को बढ़ावा देने में निश्चित रूप से का ध्यान केंद्रित करेगी। उन्होंने कृषि क्षेत्र के विकास के लिए धरातल पर उतारने की मांग की। कहा कि खेतों में उपजाई फसल को रखने के लिए स्टोर का निर्माण,फसल को बेचने के लिए बाजार विस्तार, किसानों की कर्ज माफी की भी मांग किया जाएगा।

मौके पर दिनेश उरांव, एतवा उरांव, धरमू उरांव, भोला तिर्की, बुधवा उरांव, सती तिर्की, अनिता उरांव, चरकू उरांव, पिंकी कुजूर, नीलम उरांव, रिता खलखो समेत अन्य शामिल थे।

## बालू लदे ट्रैक्टर की चपेट में आने से किशोर की मौत

**हजारीबाग :** केरेडारी थाना क्षेत्र के पेटो पंचायत के पुरानी पेटो निवासी राजेंद्र साव उर्फ टेना साव के छोटे पुत्र आयुष कुमार (16) की अवैध बालू लोड ट्रैक्टर की चपेट में आने से मौत हो गयी। घटना के बाद परिजनों ने मुआवजा एवं क्षतिपूर्ति की मांग सहित अवैध बालू के कारोबार को पूर्ण रूप से रोकने लेकर 8 ।30 बजे से हजारीबाग टंडवा केरेडारी मुख्य पथ (लावण्या मोड ट्रांसपोटिंग रोड)जाम कर दिया। रोड जाम किये जाने की जानकारी मिलने पर अंचलाधिकारी राम रतन वर्णवाल, केरेडारी इंस्पेक्टर अनिल कुमार, नया थाना प्रभारी विवेक कुमार यादव, रविंद्र गुप्ता गुरदयाल साव वहां पहुंचे। ग्रामीणों को काफी समझाया गया लेकिन वे नहीं माने।

## होटल उद्योग में सतत विकास की सर्वोत्तम प्रथाएं पर विशेष ऑनलाइन सत्र का आयोजन

### कई विषयों पर की गयी गहन चर्चा

**मेट्रो रेज संवाददाता**

**रांचीः** आरकेडीएफ विश्वविद्यालय, रांची के होटल प्रबंधन विभाग के प्राध्यापकों और छात्रों ने होटल उद्योग में सतत विकास की सर्वोत्तम प्रथाएं विषय पर आयोजित एक विशेष ऑनलाइन सत्र में भाग लिया। यह सत्र द ओरकिड होटल, पुणे, महाराष्ट् के उपाध्यक्ष डॉ। अयन भट्टाचार्य द्वारा संचालित किया गया।

आरकेडीएफ विश्वविद्यालय की ओर से होटल प्रबंधन विभाग के विभागाध्यक्ष डॉ पंकज चटर्जी, सहायक रजिस्ट्रार (प्रशासन) अंकित प्रकाश, सहायक प्राध्यापक शमिक चटर्जी और आलोक कुमार के साथ होटल प्रबंधन विभाग के कई छात्रों ने इस ज्ञानवर्धक सत्र में भाग लिया। सत्र में विशेष अतिथि के रूप में अंक्श हॉस्पिटैलिटी प्रा.लि की निदेशक अंजना भट्टाचार्य भी उपस्थित रहीं। इस सत्र के दौरान होटल उद्योग में ऊर्जा संरक्षण, जल प्रबंधन, अपशिष्ट निपटान, हरित प्रौद्योगिकी और पर्यावरण-संवेदनशील संचालन जैसे विषयों पर गहन चर्चा की गई। डॉ अयन भट्टाचार्य ने उद्योग में स्थिरता को बढ़ावा देने के लिए आधुनिक रणनीतियों, नवाचारों और पर्यावरण-अनुकूल दृष्टिकोणों पर प्रकाश डाला।



श्रीमती अंजना भट्टाचार्य ने आतिथ्य उद्योग में स्थिरता के व्यवहारिक पहलुओं और औद्योगिक अनुभव साझा किए। उन्होंने होटल प्रबंधन के विभिन्न क्षेत्रों में पर्यावरण-अनुकूल नीतियों को अपनाने की जरूरत पर जोर दिया। आरकेडीएफ विश्वविद्यालय के प्राध्यापकों और छात्रों ने इस सत्र को बेहद लाभकारी और प्रेरणादायक बताया। उन्होंने सतत विकास की सर्वोत्तम प्रथाओं को अपने शैक्षणिक कार्यक्रमों और भविष्य के व्यावसायिक प्रयासों में लागू करने की प्रतिबद्धता जताई। यह ऑनलाइन सत्र होटल उद्योग में पर्यावरण अनुकूल नीतियों को बढ़ावा देने और शैक्षणिक संस्थानों तथा उद्योग जगत के बीच मजबूत सहयोग स्थापित करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम साबित हुआ।

# सिरम टोली फ्लाईओवर निर्माण को लेकर कल से ट्रेनों के समय में परिवर्तन

**रांची :** राजधानी रांची में सिरम टोली फ्लाईओवर का काम कल यानी 11 दिसंबर से शुरू हो जाएगा। इस संबंध में रांची रेलमंडल अंतर्गत फोरलेन सिरम टोली रोड व रेलवे ओवरब्रिज निर्माण को लेकर 11 दिसंबर से ब्लॉक लिया जाएगा। इस दौरान कारण मंडल की 17 ट्रेनें क्रमवार तिथियों में प्रभावित रहेंगी। इनमें 12 ट्रेनें रद्द रहेंगी, एक ट्रेन का आंशिक समापन और एक ट्रेन के समय में फेरबदल और तीन ट्रेनें परिवर्तित मार्ग से चलाई जाएंगी।

**इस ट्रेन का आंशिक समापन:** लोहरदगा-रांची मेमू का 11 से 16 दिसंबर तक और 19 से 22 दिसंबर तक पिस्का स्टेशन पर आंशिक समापन होगी। यह ट्रेन पिस्का से रांची के बीच रद्द रहेगी।

**इस ट्रेन के प्रस्थान समय में बदलाव:** रांची-वाराणसी वंदेभारत एक्सप्रेस 16, 20 से 22 दिसंबर तक अपने निर्धारित समय के स्थान पर 30 मिनट विलंब से रवाना होगी।

**ये ट्रेनें हुई रद्द**

वाराणसी-रांची एक्सप्रेस 15, 21 और 22 दिसंबर
रांची-वाराणसी एक्सप्रेस 16, 20 और 21 दिसंबर
वाराणसी-विशाखापटनम एक्सप्रेस 23 दिसंबर



विशाखापटनम-वाराणसी एक्सप्रेस 22 दिसंबर
हटिया-टाटानगर एक्सप्रेस 16 से 26 दिसंबर
रांची-हावड़ा एक्सप्रेस 16 और 22 दिसंबर
हटिया-टाटानगर मेमू 16, 19 और 22 दिसंबर
हटिया-सांकी मेमू 16 से 26 दिसंबर
हटिया-खड़गपुर एक्सप्रेस 16 से 26
हटिया-झारसुगुड़ा एक्सप्रेस 16 से 26 तक
रांची-बोकारो स्टील सिटी मेमू 16, 18 और 22 को रद्द रहेगी।

**इनके मार्ग में बदलाव**

हैदराबाद-रक्सौल स्पेशल ट्रेन 18 दिसंबर को परिवर्तित मार्ग राउरकेला-सिनी-चांडिल-मुरी-कोटशिला होकर चलेगी।

मालदा टाउन-सूरत एक्सप्रेस 21 दिसंबर को परिवर्तित मार्ग कोटशिला-मुरी-चांडिल-सिनी-राउरकेला होकर चलेगी।

रक्सौल-सिकंदराबाद स्पेशल ट्रेन 17 दिसंबर को परिवर्तित मार्ग कोटशिला-मुरी-चांडिल-सिनी- राउरकेला होकर चलेगी।

## रांचीः दो अलग -अलग हादसों में एक की मौत, दूसरा घायल

### सुखदेवनगर में युवक ने लगायी फांसी, हरमू रोड में क्रेन ने बाइक सवार को मारी टक्कर

**रांची :** जिले के सुखदेवनगर थाना क्षेत्र में दो घटनाएं हुई है। पहली घटना सुखदेव नगर थाना क्षेत्र के करम चौक के पास की है। यहां एक युवक ने घर में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली है। घटना की सूचना मिलने बाद पुलिस मौके पर पहुंचकर शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। वहीं दूसरी घटना सुखदेवनगर थाना क्षेत्र के हरमू रोड स्थित गाड़ीखाना चौक के पास हुई है। जहां एक क्रेन ने बाइक सवार को जोरदार टक्कर मार दी। इस दुर्घटना में बाइक सवार युवक बुरी तरह से घायल हो गया।


**कार्यालय जिला उद्यान पदाधिकारी, गुमला**
**Email Id – gumlahorti@gmail.com, Phone No.- 65243 59722**

**अति अल्पकालीन निविदा**

**अभिरूचि की अभिव्यक्ति (EOI) निविदा आमंत्रण सूचना संख्या–01/2024–25**

वित्तीय वर्ष 2024–25 में उद्यान विकास की योजनान्तर्गत उपयोजना "प्रोमोशन ऑफ अरबन फार्मिंग" के तहत् विभिन्न सामग्रियों की आपूर्ति हेतु इच्छुक कार्यकारी संस्था से मुहरबंद निविदा आमंत्रित की जाती है।

| क्र0.सं0. | कार्य अवयव का नाम | मात्रा/सं0 |
|---|---|---|
| 1 | प्रोमोशन ऑफ अरबन फार्मिंग अन्तर्गत विभिन्न सामग्रियों की आपूर्ति | आवश्यकतानुसार |

**नोटः–**
1. निविदा की सामग्री नियम एवं शर्तों की पूर्ण विवरणी कार्यालय जिला उद्यान पदाधिकरी, गुमला से प्राप्त किया जा सकता है।
2. इच्छुक निविदादाता दिनांक 16.12.2024 के अपराह्न 01:00 बजे तक कार्यालय जिला उद्यान पदाधिकारी, गुमला में व्यक्तिगत रूप/डाक से मुहरबंद निविदा दे सकते हैं।
3. प्राप्त मुहरबंद द्विलिफाफा को दिनांक 16.12.2024 के अपराह्न 03:00 बजे जिला उद्यान पदाधिकारी, गुमला के कार्यालय प्रकोष्ठ में जिला क्रय समिति के समक्ष खोली जाएगी। निविदा खोलते समय निविदादाता अथवा उनके प्राधिकृत प्रतिनिधि अनिवार्य रूप से उपस्थित होंगे।

जिला उद्यान पदाधिकरी, गुमला।

PR 341583 (Agriculture,Animal Husbandry And Co-opretive Department) 24-25 (D)


## पंच प्रण थीम पर राष्ट्रीय युवा महोत्सव 14 से, तैयारियां पूरी

**रांची :** झारखंड खेल एवं युवा कार्य विभाग की ओर से आगामी 14 दिसंबर से पंच प्रण थीम पर राष्ट्रीय युवा महोत्सव का आयोजन किया जा रहा है। महोत्सव की तैयारियों पूरी कर ली गयी है। रांची के ऑड्रे हाउस में 14 दिसंबर को जिला स्तरीय और 16 दिसंबर को प्रमंडल स्तरीय युवा महोत्सव का आयोजन किया जायेगा। इस महोत्सव में कई प्रतियोगिताओं का आयोजन किया जायेगा, जिनमें सामूहिक लोकनृत्य, सामूहिक लोकगीत, एकल लोकनृत्य, एकल लोकगीत, चित्रकला, भाषण, विज्ञान मेला (एकल), कहानी लेखन, कविता लेखन, विज्ञान मेला (सामूहिक), फोटोग्राफी शामिल हैं। राष्ट्रीय युवा महोत्सव में आयोजित होने वाली प्रतियोगिताओं में भाग लेने के लिए प्रतिभागियों को 12 दिसंबर तक विकास भवन स्थित जिला खेल कार्यालय में रजिस्ट्रेशन कराना होगा।

## सीएम हेमंत ने कर्नाटक के पूर्व सीएम के निधन पर जताया शोक



**रांची :** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने कर्नाटक के पूर्व सीएम, महाराष्ट्र के पूर्व राज्यपाल और पूर्व विदेश मंत्री एसएम कृष्णा के निधन पर शोक जताया है। उन्होंने एक्स पोस्ट में लिखा कि एसएम कृष्णा जी के निधन की दुखद सूचना मिली। परमात्मा दिवंगत आत्मा को शांति प्रदान कर शोकाकुल परिवारजनों को दुख की यह विषम घड़ी सहन करने की शक्ति दे।

## 21 दिसंबर तक चलेगा पुरुष नसबंदी अभियान

रांचीः परिवार नियोजन कार्यक्रम के अंतर्गत पुरुष नसबंदी अभियान 2-21 दिसंबर 2024 तक चलाया जा रहा है। इसके अंतर्गत मंगलवार को सिविल सर्जन कार्यालय सभागार से जागरूकता रथ अपर मुख्य चिकित्सा पदाधिकारी डॉ अरविंद कुमार द्वारा रवाना किया गया। ताकि पुरुष नसबंदी की संख्या में बढ़ोतरी हो सके। इस वर्ष पुरुष नसबंदी के तहत कुल 2500 एनएसवी का लक्ष्य रांची जिला को दिया गया है। कार्यक्रम में रांची जिला के डीपीएम प्रवीण कुमार डीपीसी सहित अन्य स्वास्थ्य कर्मी शामिल हुए।

## जिला प्रशासन ने विभिन्न प्रखंडों के चौक चौराहों पर की अलाव की व्यवस्था



**रांचीः** डीसी मंजूनाथ भजन्त्री ने रांची जिला में बढ़ती ठंड को देखते हुए, रांची शहर अंतर्गत एवं सभी प्रखंडो सभी जगह अलाव की व्यवस्था कराने को लेकर सम्बंधित सभी पदाधिकारियों को कई आवश्यक दिशा निर्देश दिए। जिसको लेकर जिला प्रशासन की तरफ से रांची के जिला के विभिन्न प्रखंडों के प्रमुख चौक चौराहों पर अलाव की व्यवस्था की गई। डीसी ने सभी सम्बंधित पदाधिकारियों को ठंड को देखते हुए अलाव की व्यापक व्यवस्था कराने का निर्देश दिए, ताकि ठंड से लोगों का बचाव हो सकें। साथ ही उन्होंने सभी जिला वासियों से अपील करते कहा की ठंड को देखते हुए सभी ठंड से अपना बचाव करें।

## झारखंड सचिवालय में पदस्थापित ज्वाइंट सेक्रेटरी दीपू कुमार का निधन

**रांचीः** झारखंड सचिवालय में पदस्थापित ज्वाइंट सेक्रेटरी दीपू कुमार का निधन रांची के एक अस्पताल में हो गया। दीपू कुमार पहली जेपीएससी में प्रथम रैंक लाकर प्रशासनिक सेवा अधिकारी बने थे। वे गिरिडीह जिले के गावां प्रखंड के पीहरा निवासी राजेंद्र बरनवाल के पुत्र थे। जानकारी के मुताबिक वे बीते कुछ दिनों से डेंगू बुखार से पीड़ित थे। उनका रांची में ही इलाज चल रहा था। इलाज के दौरान आज मंगलवार को उनका निधन हो गया।

## बांग्लादेश में हिंदुओं पर हो रहे अत्याचार की निंदा, राज्यपाल को ज्ञापन सौंपने का निर्णय



**रांचीः** बांग्लादेश में अल्पसंख्यक अत्याचार की घटनाएं रुकने का नाम नहीं ले रही हैं। इसके विरोध में सर्व सनातन समाज के आह्वान पर मोरहाबादी मैदान में समाज के काफी लोग पूरे राज्य से इकट्ठे हुए। विभिन्न संगठनों के वक्ताओं के अलावा साधु संतों का भी संबोधन हुआ। सबने एक स्वर से घटनाओं की निंदा की और इस पर तत्काल रोक लगाए जाने की मांग की। सभा स्थल से जुलूस की शक्ल में लोगों का समूह शहर के विभिन्न मार्गों से होकर राजभवन के लिए रवाना हुआ जहां राज्यपाल से मिल कर उन्हें ज्ञापन सौंपा जाएगा।

**झारखण्ड सरकार**
**गृह, कारा एवं आपदा प्रबंधन विभाग**
**झारखण्ड आन्दोलनकारी चिन्हितीकरण आयोग**

**69वीं औपबंधिक सूची जिला–खूँटी (पार्ट–1)**

| क्र0 | आवेदनकर्त्ता की विवरणी | गृह, कारा एवं आपदा प्रबंधन विभाग, झारखण्ड, राँची के संकल्प संख्या–1938, दिनांक–20.04.2021 के आलोक में प्रदत्त कंडिका |
|---|---|---|
| | विवरण :– चिन्हित एवं सुविख्यात झारखण्ड आन्दोलनकारी जावेद पाशा एवं बदरी साहु के द्वारा पहचान तथा अलग राज्य आन्दोलन से संबंधित बैठक पंजी में नाम। | |
| 1. | 1. आवेदन क्र0–255/24 2. आवेदक–बरटोली देवी, पति–स्व0 कलेश्वर मुण्डा<br>3. ग्राम–गाड़ीगांव, मारगदाहा, पोस्ट–मारगदाहा, थाना–मारगदाहा, प्रखण्ड–खूँटी<br>4. लिंग–महिला, आयु–71 वर्ष, पहचान चिन्ह–दाहिना हाथ में कटा का निशान। | कंडिका–2(ix) |
| 2. | 1. आवेदन क्र0–256/24 2. आवेदक–कुलवंती देवी, पति–स्व0 रावेल होरो<br>3. ग्राम–मालगो टंगरा टोली, पोस्ट–बिनगाँव, थाना–कर्रा, प्रखण्ड–कर्रा<br>4. लिंग–महिला, आयु–53 वर्ष, पहचान चिन्ह–दाहिना हाथ में चेचक का दाग। | कंडिका–2(ix) |
| 3. | 1. आवेदन क्र0–257/24 2. आवेदक–बतिया तिर्की, पति–करमा तिर्की<br>3. ग्राम–इट्ठे सेमर टोली, पोस्ट–बिनगाँव, थाना–कर्रा, प्रखण्ड–कर्रा<br>4. लिंग–महिला, आयु–43 वर्ष, पहचान चिन्ह–अंकित नहीं। | कंडिका–2(ix) |
| 4. | 1. आवेदन क्र0–258/24 2. आवेदक–रावेल होरो, पिता–अमृत होरो<br>3. ग्राम–मालगो टंगरा टोली, पोस्ट–बिनगाँव, थाना–कर्रा, प्रखण्ड–कर्रा<br>4. लिंग–पुरूष, आयु–58 वर्ष, पहचान चिन्ह–अंकित नहीं। | कंडिका–2(ix) |
| 5. | 1. आवेदन क्र0–259/24 2. आवेदक–बिरबल मुण्डा, पिता–स्व0 सुनवा मुण्डा<br>3. ग्राम–राई, पोस्ट–फुदी, थाना–खूँटी, प्रखण्ड–खूँटी<br>4. लिंग–पुरूष, आयु–64 वर्ष, पहचान चिन्ह–दाहिना हाथ लूल्हा निशान। | कंडिका–2(ix) |
| 6. | 1. आवेदन क्र0–260/24 2. आवेदक–सोमरा संगा, पिता–स्व0 माघो संगा<br>3. ग्राम–राई, पोस्ट–फुदी, थाना–खूँटी, प्रखण्ड–खूँटी<br>4. लिंग–पुरूष, आयु–62 वर्ष, पहचान चिन्ह–दोनों पैर में घाव का निशान। | कंडिका–2(ix) |
| 7. | 1. आवेदन क्र0–261/24 2. आवेदक–माजु खोया, पिता–बिरबल खोया<br>3. ग्राम–राई, पोस्ट–फुदी, थाना–खूँटी, प्रखण्ड–खूँटी<br>4. लिंग–पुरूष, आयु–53 वर्ष, पहचान चिन्ह–बायें पैर में घाव का निशान। | कंडिका–2(ix) |
| 8. | 1. आवेदन क्र0–262/24 2. आवेदक–करमा तिर्की, पिता–गोसाई तिर्की<br>3. ग्राम–इट्ठे सेमर टोली, पोस्ट–बिनगाँव, थाना–कर्रा, प्रखण्ड–कर्रा<br>4. लिंग–पुरूष, आयु–49 वर्ष, पहचान चिन्ह–दोनों पैर में घाव का निशान। | कंडिका–2(ix) |
| 9. | 1. आवेदन क्र0–263/24 2. आवेदक–जितनी तिर्की, पिता–करमा तिर्की<br>3. ग्राम–इट्ठे सेमर टोली, पोस्ट–बिनगाँव, थाना–कर्रा, प्रखण्ड–कर्रा<br>4. लिंग–पुरूष, आयु–47 वर्ष, पहचान चिन्ह–दाहिना हाथ में घाव का निशान। | कंडिका–2(ix) |
| 10. | 1. आवेदन क्र0–264/24 2. आवेदक का नाम–लगनू मिंज, पिता –विसनाथ मिंज<br>3. ग्राम–मालगो, पोस्ट –विनगाँव, थाना–कर्रा, प्रखण्ड–कर्रा<br>4. लिंग–पुरूष, आयु–50 वर्ष, पहचान चिन्ह–अंकित नहीं है। | कंडिका–2(ix) |
| 11. | 1. आवेदन क्र0–265/24 2.आवेदक का नाम–मंगरी बखला, पति –हेको बखला<br>3. ग्राम–इळे टोली, पोस्ट –विनगाँव, थाना–कर्रा, प्रखण्ड–कर्रा<br>4. लिंग–महिला, आयु–71 वर्ष, पहचान चिन्ह– बायाँ पैर में गुलदु का निशान। | कंडिका–2(ix) |
| 12. | 1. आवेदन क्र0–266/24 2. आवेदक का नाम–हेको बखला, पिता –स्व0 डेलिया बखला<br>3. ग्राम– इळे टोली, पोस्ट –विनगाँव, थाना–कर्रा, प्रखण्ड–कर्रा<br>4. लिंग–पुरूष, आयु–77 वर्ष, पहचान चिन्ह–अंकित नहीं है। | कंडिका–2(ix) |
| 13. | 1. आवेदन क्र0–267/24 2. आवेदक का नाम– सोमरा हेरेंज, पिता –स्व0 मंगरा हेरेंज<br>3. ग्राम– इळे टोली, पोस्ट –विनगाँव, थाना–कर्रा, प्रखण्ड–कर्रा<br>4. लिंग–पुरूष, आयु–53 वर्ष, पहचान चिन्ह–अंकित नहीं है। | कंडिका–2(ix) |
| 14. | 1. आवेदन क्र0–268/24 2. आवेदक का नाम– सोमारी मुण्डाईन, पिता – सोमरा मुण्डा<br>3. ग्राम– इळे टोली, पोस्ट –विनगाँव, थाना–कर्रा, प्रखण्ड–कर्रा<br>4. लिंग–महिला, आयु–74 वर्ष, पहचान चिन्ह– गाला में तिल का निशान। | कंडिका–2(ix) |
| 15. | 1. आवेदन क्र0–269/24 2. आवेदक का नाम– बुधवा तिर्की, पिता –स्व0 लाघु मुण्डा<br>3. ग्राम– राई, पोस्ट –फुदी, थाना–खूँटी, प्रखण्ड–खूँटी<br>4. लिंग–पुरूष, आयु–76 वर्ष, पहचान चिन्ह– दाहिना पैर में घाव का निशान। | कंडिका–2(ix) |
| 16. | 1. आवेदन क्र0–270/24 2. आवेदक का नाम– जुनास तिडू, पिता –स्व0 प्रभुसहाय तिडू<br>3. ग्राम– जुरदाग, पोस्ट –जुरदाग, थाना–कर्रा, प्रखण्ड–कर्रा<br>4. लिंग–पुरूष, आयु–45 वर्ष, पहचान चिन्ह–पीठ में घाव का निशान। | कंडिका–2(ix) |
| 17. | 1. आवेदन क्र0–271/24 2. आवेदक–मो0 जुनैद अहमद, पिता – स्व0 यारगीन अंसारी<br>3. ग्राम–जामा मस्जिद लेन कर्रा, पोस्ट– खूँटी, थाना–खूँटी, प्रखण्ड–खूँटी<br>4. लिंग–पुरूष, आयु–49 वर्ष, पहचान चिन्ह–बाये हाथ में तील का निशान। | कंडिका–2(ix) |
| 18. | 1. आवेदन क्र0–272/24 2. आवेदक–अमृत जोन गुड़िया, पिता – स्व0 हनुख गुडिया<br>3. ग्राम–जी0ई0एल0 चर्च कदमा खूँटी, पोस्ट–खूँटी, थाना–खूँटी, प्रखण्ड–खूँटी<br>4. लिंग–पुरूष, आयु–68 वर्ष, पहचान चिन्ह–दाहिने हाथ में घाव का निशान। | कंडिका–2(ix) |
| 19. | 1. आवेदन क्र0–273/24 2. आवेदक–तेलानी पुर्ती, पति–अमृत जोन गुड़िया,<br>3. ग्राम–जी0ई0एल0 चर्च कदमा खूँटी, पोस्ट–खूँटी, थाना–खूँटी, प्रखण्ड–खूँटी<br>4. लिंग–महिला, आयु–61 वर्ष, पहचान चिन्ह–दाहिने कान के पास तील का निशान। | कंडिका–2(ix) |
| 20. | 1. आवेदन क्र0–274/24 2. आवेदक–कंचन कुमार होरो, पिता – स्व0 मंगत राय होरो<br>3. ग्राम–कुद्दा, पोस्ट–कर्रा, थाना–कर्रा, प्रखण्ड–कर्रा<br>4. लिंग–पुरूष, आयु–50 वर्ष, पहचान चिन्ह–बाये छाती में तील का निशान। | कंडिका–2(ix) |
| 21. | 1. आवेदन क्र0–275/24 2. आवेदक–राजेन्द्र मनोज राम, पिता – स्व0 दयाराम गोप<br>3. ग्राम–गिरजा टोली खूँटी, पोस्ट–खूँटी, थाना–खूँटी, प्रखण्ड–खूँटी<br>4. लिंग–पुरूष, आयु–53 वर्ष, पहचान चिन्ह–दाहिने हाथ में घाव का निशान। | कंडिका–2(ix) |
| 22. | 1. आवेदन क्र0–276/24 2. आवेदक–मरकस संगा, पिता–स्व0 हरदुगन पाहन<br>3. ग्राम–फूदी, पोस्ट–फुदी, थाना–खूँटी, प्रखण्ड–खूँटी<br>4. लिंग–पुरूष, आयु–79 वर्ष, पहचान चिन्ह–अंकित नही है। | कंडिका–2(ix) |
| 23. | 1. आवेदन क्र0–277/24 2. आवेदक–मार्टिन पाहन, पिता–स्व0 गंडेया पहान<br>3. ग्राम–फुदी, पोस्ट–फुदी, थाना–खूँटी, प्रखण्ड–खूँटी<br>4. लिंग–पुरूष, आयु–74 वर्ष, पहचान चिन्ह–अंकित नही है। | कंडिका–2(ix) |
| 24. | 1. आवेदन क्र0–278/24 2. आवेदक–कृपामनी संगा, पति–याकुब मुण्डा<br>3. ग्राम–फुदी, पोस्ट–फुदी, थाना–खूँटी, प्रखण्ड–खूँटी<br>4. लिंग–महिला, आयु–51 वर्ष, पहचान चिन्ह–अंकित नही है। | कंडिका–2(ix) |
| 25. | 1. आवेदन क्र0–279/24 2. आवेदक–याकुब संगा, पिता–स्व0 ख्रिस्तोचित मुण्डा<br>3. ग्राम–फूदी, पोस्ट–फुदी, थाना–खूँटी, प्रखण्ड–खूँटी<br>4. लिंग–पुरूष, आयु–58 वर्ष, पहचान चिन्ह–अंकित नही है। | कंडिका–2(ix) |
| 26. | 1. आवेदन क्र0–280/24 2. आवेदक–मुनिका संगा, पति–मसीह दास संगा<br>3. ग्राम–फुदी, पोस्ट–फुदी, थाना–खूँटी, प्रखण्ड–खूँटी<br>4. लिंग–महिला, आयु–70 वर्ष, पहचान चिन्ह–अंकित नही है। | कंडिका–2(ix) |
| 27. | 1. आवेदन क्र0–281/24 2. आवेदक–तेलानी संगा, पति–स्व0 दयाल संगा<br>3. ग्राम–फुदी, पोस्ट–फुदी, थाना–खूँटी, प्रखण्ड–खूँटी<br>4. लिंग–महिला, आयु–57 वर्ष, पहचान चिन्ह–अंकित नही है। | कंडिका–2(ix) |
| 28. | 1. आवेदन क्र0–282/24 2. आवेदक–पौलुस संगा, पिता–स्व0 सामुएल संगा<br>3. ग्राम–फुदी, पोस्ट–फुदी, थाना–खूँटी, प्रखण्ड–खूँटी<br>4. लिंग–पुरूष, आयु–72 वर्ष, पहचान चिन्ह–अंकित नही है। | कंडिका–2(ix) |
| 29. | 1. आवेदन क्र0–283/24 2. आवेदक–पुनीत हेलेन संगा, पति–श्री सामुएल संगा<br>3. ग्राम–फुदी, पोस्ट–फुदी, थाना–खूँटी, प्रखण्ड–खूँटी<br>4. लिंग–महिला, आयु–41 वर्ष, पहचान चिन्ह–अंकित नही है। | कंडिका–2(ix) |
| 30. | 1. आवेदन क्र0–284/24 2. आवेदक–राहिल संगा, पति–स्व0 गब्रिएल संगा<br>3. ग्राम–फुदी, पोस्ट–फुदी, थाना–खूँटी, प्रखण्ड–खूँटी<br>4. लिंग–महिला, आयु–71 वर्ष, पहचान चिन्ह–अंकित नही है। | कंडिका–2(ix) |
| 31. | 1. आवेदन क्र0–285/24 2. आवेदक–सुशीला संगा, पति–आनन्द मसीह संगा<br>3. ग्राम–फुदी, पोस्ट–फुदी, थाना–खूँटी, प्रखण्ड–खूँटी<br>4. लिंग–महिला, आयु–54 वर्ष, पहचान चिन्ह–अंकित नही है। | कंडिका–2(ix) |
| 32. | 1. आवेदन क्र0–286/24 2. आवेदक–फगनी हेरेंज, पति–मंगरा हेरेंज<br>3. ग्राम–इटठे टोली, पोस्ट–बिनगाँव, थाना–कर्रा, प्रखण्ड–कर्रा<br>4. लिंग–महिला, आयु–45 वर्ष, पहचान चिन्ह–बाया घुटना में घाव का निशान। | कंडिका–2(ix) |
| 33. | 1. आवेदन क्र0–287/24 2. आवेदक–एतवरी तिर्की, पति–राणा तिर्की<br>3. ग्राम–इटठे टोली, पोस्ट–बिनगाँव, थाना–कर्रा, प्रखण्ड–कर्रा<br>4. लिंग–महिला, आयु–43 वर्ष, पहचान चिन्ह–चेहरा में तील का निशान। | कंडिका–2(ix) |
| 34. | 1. आवेदन क्र0–288/24 2. आवेदक–फुलमनी संगा, पति–श्री धर्मदास मुण्डा<br>3. ग्राम–फुदी, पोस्ट–फुदी, थाना–खूँटी, प्रखण्ड–खूँटी<br>4. लिंग–महिला, आयु–54 वर्ष, पहचान चिन्ह–अंकित नही है। | कंडिका–2(ix) |
| 35. | 1. आवेदन क्र0–289/24 2. आवेदक–सेतेग संगा, पति–स्व0 अब्राहम संगा<br>3. ग्राम–हारूहप्पा, पोस्ट–जलटण्डा, थाना–कर्रा, प्रखण्ड–कर्रा<br>4. लिंग–महिला, आयु–59 वर्ष, पहचान चिन्ह–दाहिना हाथ में घाव का निशान। | कंडिका–2(ix) |
| 36. | 1. आवेदन क्र0–290/24 2. आवेदक–राणा तिर्की, पिता–स्व0 बुधू तिर्की<br>3. ग्राम–इटठे टोली, पोस्ट–बिनगाँव, थाना–कर्रा, प्रखण्ड–कर्रा<br>4. लिंग–परूष, आयु–48 वर्ष, पहचान चिन्ह–बाया आँख में नीचे में कट का निशान। | कंडिका–2(ix) |
| 37. | 1. आवेदन क्र0–291/24 2. आवेदक–मंगरा हेरेंज, पिता–तोपा हेरेंज<br>3. ग्राम–इटठे टोली, पोस्ट–बिनगाँव, थाना–कर्रा, प्रखण्ड–कर्रा<br>4. लिंग–परूष, आयु–43 वर्ष, पहचान चिन्ह–दाहिनी घुटना में घाव का दाग का निशान। | कंडिका–2(ix) |
| 38. | 1. आवेदन क्र0–292/24 2. आवेदक–निमी संगा, पति–स्व0 जोलेन संगा<br>3. ग्राम–हारूहप्पा, पोस्ट–जलटण्डा, थाना–कर्रा, प्रखण्ड–कर्रा<br>4. लिंग–महिला, आयु–54 वर्ष, पहचान चिन्ह–अंकित नही है। | कंडिका–2(ix) |
| 39. | 1. आवेदन क्र0–293/24 2. आवेदक–सबन संगा, पिता–स्व0 अघुन संगा<br>3. ग्राम–हारूहप्पा, पोस्ट–जलटण्डा, थाना–कर्रा, प्रखण्ड–कर्रा<br>4. लिंग–परूष, आयु–61 वर्ष, पहचान चिन्ह–बाया घुटना पर घाव का दाग का निशान। | कंडिका–2(ix) |
| 40. | 1. आवेदन क्र0–294/24 2. आवेदक–गोस्नर धान, पिता–स्व0 सागेन धान<br>3. ग्राम–कुदलूम, पोस्ट–जलटण्डा, थाना–कर्रा, प्रखण्ड–कर्रा<br>4. लिंग–परूष, आयु–54 वर्ष, पहचान चिन्ह–बाया माथा में तील का दाग का निशान। | कंडिका–2(ix) |
| 41. | 1. आवेदन क्र0–295/24 2. आवेदक का नाम–अजय लगुन, पिता –अलाईस लगुन<br>3. ग्राम–बदुर टोली, पोस्ट –दियाकेल, थाना–तोरपा, प्रखण्ड– तोरपा<br>4. लिंग–पुरूष, आयु–48 वर्ष, पहचान चिन्ह–बायाँ हाथ में चेचक का निशान। | कंडिका–2(ix) |
| 42. | 1. आवेदन क्र0–296/24 2. आवेदक का नाम–श्री उम्बुलन तोपनो, पिता –कल्याण तोपनो<br>3. ग्राम–उबका, पोस्ट – तोरपा, थाना–तोरपा, प्रखण्ड– तोरपा<br>4. लिंग–पुरूष, आयु–64 वर्ष, पहचान चिन्ह–बायाँ माथा में मासा का निशान। | कंडिका–2(ix) |
| 43. | 1. आवेदन क्र0–297/24 2. आवेदक का नाम–श्री एनामल हक, पिता –अयुब अंसारी<br>3. ग्राम–चुकाटोली, पोस्ट – बरदा थाना–तपकरा, प्रखण्ड– तोरपा<br>4. लिंग–पुरूष, आयु–49 वर्ष, पहचान चिन्ह–दाहिना गाल में तिल का निशान। | कंडिका–2(ix) |
| 44. | 1. आवेदन क्र0–298/24 2. आवेदक का नाम–श्री तम्यब अंसारी, पिता –गुलामनवी अंसारी<br>3. ग्राम– तपकरा, पोस्ट – बरदा थाना–तपकरा, प्रखण्ड– तोरपा<br>4. लिंग–पुरूष, आयु–59 वर्ष, पहचान चिन्ह–अंकित नहीं। | कंडिका–2(ix) |
| 45. | 1. आवेदन क्र0–299/24 2. आवेदक का नाम–श्री प्रेम प्रकाश तोपनो, पिता –इमानुएल तोपनो<br>3. ग्राम–केन्दटोली, पोस्ट – तोरपा, थाना–तोरपा, प्रखण्ड– तोरपा<br>4. लिंग–पुरूष, आयु–57 वर्ष, पहचान चिन्ह–नाक में मासा का निशान। | कंडिका–2(ix) |
| 46. | 1. आवेदन क्र0–300/24 2. आवेदक का नाम–श्री पाल्म तोपनो, पिता –सुसारन तोपनो<br>3. ग्राम–क्योद टोली, पोस्ट – तोरपा, थाना–तोरपा, प्रखण्ड– तोरपा<br>4. लिंग–पुरूष, आयु–47 वर्ष, पहचान चिन्ह– बायाँ हाथ में कट का निशान। | कंडिका–2(ix) |
| 47. | 1. आवेदन क्र0–301/24 2. आवेदक का नाम–श्री डिफरेन तोपनो, पिता –जोहन तोपनो<br>3. ग्राम–बडुर टोली दियाकेल, पोस्ट – तोरपा, थाना–तोरपा, प्रखण्ड– तोरपा<br>4. लिंग–पुरूष, आयु–66 वर्ष, पहचान चिन्ह– चेहरा में सफेद दाग। | कंडिका–2(ix) |
| 48. | 1. आवेदन क्र0–302/24 2. आवेदक का नाम–श्री आनन्द तोपनो, पिता –मनसिद्व तोपनो<br>3. ग्राम– दियाकेल, पोस्ट – तोरपा, थाना–तोरपा, प्रखण्ड– तोरपा<br>4. लिंग–पुरूष, आयु–50 वर्ष, पहचान चिन्ह– दाहिना आँख के उपर घाव का निशान। | कंडिका–2(ix) |
| 49. | 1. आवेदन क्र0–303/24 2. आवेदक का नाम–विराजमनी गुड़िया, पिता – विजय गुड़िया<br>3. ग्राम– गुटुहातू, पोस्ट – बरदा थाना–तपकरा, प्रखण्ड– तोरपा<br>4. लिंग–महिला, आयु–46 वर्ष, पहचान चिन्ह– बायाँ हाथ में घाव का निशान। | कंडिका–2(ix) |
| 50. | 1. आवेदन क्र0–304/24 2. आवेदक का नाम–श्री लेतारेन तोपनो, पिता –जोसेफ तोपनो<br>3. ग्राम– दियाकेल, पोस्ट – तोरपा, थाना–तोरपा, प्रखण्ड– तोरपा<br>4. लिंग–पुरूष, आयु–53 वर्ष, पहचान चिन्ह– बायाँ गाल में तिल का निशान। | कंडिका–2(ix) |
| 51. | 1. आवेदन क्र0–317/24 2. आवेदक का नाम–सुसाना मुण्डू, पति –स्व0 प्रभुदान मुण्डू<br>3. ग्राम–सोमार बाजार मुरहू, पोस्ट –मुरहू थाना–मुरहू, प्रखण्ड–मुरहू<br>4. लिंग–महिला, आयु–75 वर्ष, पहचान चिन्ह– दाहिना गाल में काला का निशान। | कंडिका–2(ix) |
| 52. | 1. आवेदन क्र0–318/24 2. आवेदक का नाम–विकर मुण्डा, पिता –स्व0 जेम्स मुण्डा<br>3. ग्राम–सोमार बाजार मुरहू, पोस्ट –मुरहू, थाना– मुरहू, प्रखण्ड–मुरहू<br>4. लिंग–पुरूष, आयु–61 वर्ष, पहचान चिन्ह–नाक में तिल का निशान। | कंडिका–2(ix) |
| 53. | 1. आवेदन क्र0–319/24 2. आवेदक का नाम–श्रीमती हेलिना मुण्डू, पति –श्री जुलियन मुण्डू<br>3. ग्राम–गोड़ाटोली, पोस्ट –मुरहू थाना–मुरहू, प्रखण्ड–मुरहू<br>4. लिंग–महिला, आयु–45 वर्ष, पहचान चिन्ह– दाहिना हाथ में तिल का निशान। | कंडिका–2(ix) |
| 54. | 1. आवेदन क्र0–320/24 2. आवेदक का नाम–आशा होरो, पति –स्व0 नाइनेल होरो<br>3. ग्राम–सोमार बाजार मुरहू, पोस्ट –मुरहू थाना–मुरहू, प्रखण्ड–मुरहू<br>4. लिंग–महिला, आयु–63 वर्ष, पहचान चिन्ह– दाहिना हाथ में तिल का निशान। | कंडिका–2(ix) |
| 55) | 1. आवेदन क्र0–321/24 2. आवेदक का नाम–ईम्मानुएल पुर्ती, पिता –स्व0 प्रसाव पुर्ती<br>3. ग्राम–जाते, पोस्ट –मुरहू, थाना– मुरहू, प्रखण्ड–मुरहू<br>4. लिंग–पुरूष, आयु–57 वर्ष, पहचान चिन्ह–बायाँ पैर पर धाव का निशान। | कंडिका–2(ix) |
| 56) | 1. आवेदन क्र0–322/24 2. आवेदक का नाम–मनसुख नाग, पिता –स्व0 जयपाल नाग<br>3. ग्राम–रानी टोली मुरहू, पोस्ट –मुरहू, थाना– मुरहू, प्रखण्ड–मुरहू<br>4. लिंग–पुरूष, आयु–68 वर्ष, पहचान चिन्ह–अंकित नहीं हैं। | कंडिका–2(ix) |
| 57) | 1. आवेदन क्र0–323/24 2. आवेदक का नाम–एलानी सोए, पति –स्व0 जुनुल सोए<br>3. ग्राम–गजगाँव, पोस्ट –मुरहू थाना–मुरहू, प्रखण्ड–मुरहू<br>4. लिंग–महिला, आयु–71 वर्ष, पहचान चिन्ह– गला सफेद का निशान। | कंडिका–2(ix) |
| 58) | 1. आवेदन क्र0–324/24 2. आवेदक का नाम–फुलमनी ओड़ेया, पति–एमन ओड़ेया<br>3. ग्राम–गजगाँव, पोस्ट –मुरहू थाना–मुरहू, प्रखण्ड–मुरहू<br>4. लिंग–महिला, आयु–60 वर्ष, पहचान चिन्ह–बायें नाक के उपर तिल का निशान। | कंडिका–2(ix) |
| 59) | 1. आवेदन क्र0–305/24 2. आवेदक–कुसिया उराँव, पिता–शीबा उराँव<br>3. ग्राम–गड़के, पोस्ट–कोने, थाना–कर्रा, प्रखण्ड–कर्रा<br>4. लिंग–पुरुष, आयु–71 वर्ष, पहचान चिन्ह–ठिमना में घाव का निशान। | कंडिका–2(ix) |
| 60) | 1. आवेदन क्र0–306/24 2. आवेदक–रहिल उराँईन, पति–बढ़ाईया<br>3. ग्राम–गड़के, पोस्ट–कोने, थाना–कर्रा, प्रखण्ड–कर्रा<br>4. लिंग–महिला, आयु–43 वर्ष, पहचान चिन्ह–कपाल में दाग का निशान। | कंडिका–2(ix) |
| 61) | 1. आवेदन क्र0–307/24 2. आवेदक–बढ़ाईया उराँव, पिता–शिबा उराँव<br>3. ग्राम–गड़के, पोस्ट–कोने, थाना–कर्रा, प्रखण्ड–कर्रा<br>4. लिंग–पुरूष, आयु–53 वर्ष, पहचान चिन्ह–दाहिना हाथ में तील का दाग का निशान। | कंडिका–2(ix) |
| 62) | 1. आवेदन क्र0–316/24 2. आवेदक–एतवा धनवार, पिता–मानसा धनवार<br>3. ग्राम–गड़के, पोस्ट–कोने, थाना–कर्रा, प्रखण्ड–कर्रा<br>4. लिंग–पुरूष, आयु–74 वर्ष, पहचान चिन्ह–बाया पैर के सुपली में धाव का निशान | कंडिका–2(ix) |
| 63) | 1. आवेदन क्र0–308/24 2. आवेदक–एतवा उराँव, पिता–शीबा उराँव<br>3. ग्राम–गड़के, पोस्ट–कोने, थाना–कर्रा, प्रखण्ड–कर्रा<br>4. लिंग–पुरूष, आयु– 61 वर्ष, पहचान चिन्ह–बाया आँख में दाग का निशान | कंडिका–2(ix) |
| 64) | 1. आवेदन क्र0–309/24 2. आवेदक–जैरा मुण्डा, पिता–स्व0 महादेव मुण्डा<br>3. ग्राम–गड़के, पोस्ट–कोने, थाना–कर्रा, प्रखण्ड–कर्रा<br>4. लिंग–पुरूष, आयु–48 वर्ष, पहचान चिन्ह–बाये पैर के उपर जख्म का निशान | कंडिका–2(ix) |
| 65) | 1. आवेदन क्र0–1156/24 2. आवेदक–बिमल जोजो, पिता–सोहराई जोजो<br>3. ग्राम–बुढीबिल, पोस्ट–झुमिरता, थाना–आनन्दपुर, प्रखण्ड–आनन्दपुर<br>4. लिंग–पुरूष, आयु– 43 वर्ष, पहचान चिन्ह–दाहिना पैर पर घाव का निशान। | कंडिका–2(ix) |
| 66) | 1. आवेदन क्र0–310/24 2. आवेदक–नहुन मुण्डा, पिता–ठुरवा मुण्डा<br>3. ग्राम–गड़के, पोस्ट–कोने, थाना–कर्रा, प्रखण्ड–कर्रा<br>4. लिंग–पुरूष, आयु–51 वर्ष, पहचान चिन्ह–बाये हाथ में घाव का निशान। | कंडिका–2(ix) |
| 67) | 1. आवेदन क्र0–311/24 2. आवेदक–चापी उराईन, पति–उदय उराँव<br>3. ग्राम–गड़के, पोस्ट–कोने, थाना–कर्रा, प्रखण्ड–कर्रा<br>4. लिंग–महिला, आयु–50 वर्ष, पहचान चिन्ह–चेहरे के दाये तरफ तील का निशान। | कंडिका–2(ix) |
| 68) | 1. आवेदन क्र0–312/24 2. आवेदक–सुकरा मुण्डा, पिता–स्व0 वितना मुण्डा<br>3. ग्राम–गड़के, पोस्ट–कोने, थाना–कर्रा, प्रखण्ड–कर्रा<br>4. लिंग–पुरूष, आयु– 70 वर्ष, पहचान चिन्ह–माथा पर चोट का निशान। | कंडिका–2(ix) |
| 69) | 1. आवेदन क्र0–313/24 2. आवेदक–बन्धनी मुड़ाईन, पिता–सुकरा मुण्डा<br>3. ग्राम–गड़के, पोस्ट–कोने, थाना–कर्रा, प्रखण्ड–कर्रा<br>4. लिंग–पुरूष, आयु– 69 वर्ष, पहचान चिन्ह–बाये हाथ मे थोड़ा डेड़ा का निशान। | कंडिका–2(ix) |
| 70) | 1. आवेदन क्र0–314/24 2. आवेदक–सिरिया मुण्डाईन, पिता–मागु मुण्डा<br>3. ग्राम–गड़के, पोस्ट–कोने, थाना–कर्रा, प्रखण्ड–कर्रा<br>4. लिंग–पुरूष, आयु–67 वर्ष, पहचान चिन्ह–गर्दन में घाव का दाग का निशान। | कंडिका–2(ix) |
| 71) | 1. आवेदन क्र0–315/24 2. आवेदक–बसन्ती मुण्डाईन, पति–कारू मुण्डा<br>3. ग्राम–गड़के, पोस्ट–कोने, थाना–कर्रा, प्रखण्ड–कर्रा<br>4. लिंग–महिला, आयु–43 वर्ष, पहचान चिन्ह–बाये पैर में दाग का निशान। | कंडिका–2(ix) |

नोट :– 1. यह सूची पूर्णरूपेण औपबंधिक है।
2. यह सूची आयोग के द्वय सदस्यों द्वारा स्थानीय जांच शिविर/कार्यालय में जांच कर आवेदन पर दर्ज बयान के आधार आवेदन प्रपत्र की कण्डिका 14(ग) के आलोक में प्रकाशित की गयी है।
3. इस सूची में किसी प्रकार की त्रुटि पाये जाने पर दस (10) दिनों के अन्दर आयोग को आपत्ति कर सकते हैं।
4. आश्रित होने पर मृत्यु प्रमाण पत्र तथा आश्रित संबंधी प्रतिवेदन संलग्न करना आवश्यक है।

(भुवनेश्वर महतो) सदस्य (नरसिंह मुर्मू) सदस्य (दुर्गा उराँव) अध्यक्ष

PR 341573 Home(24-25)#D

## सूक्ति

मनुष्य को चाहिए कि वह परिस्थितियों से लड़े, एक स्वप्न टूटे तो दूसरा गढ़े:
अटल बिहारी वाजपेय

## गलत तरीका

**हरियाणा** में सुरक्षाकर्मियों ने शंभू बॉर्डऱ पर बहुस्तरीय अवरोधों के करीब पहुंचे किसानों को तितर-बितर करने के लिए आंसू गैस के गोले दागे। न्यूनतम समर्थन मूल्य के लिए कानून की गारंटी समेत अन्य तमाम मांगों के लिए केंद्र पर दबाव बनाने के लिए किसानों के विभिन्न संगठन यह प्रदर्शन कर रहे थे। झड़प़ के बाद कुछ संगठनों ने प्रदर्शन स्थगित कर दिया मगर कुछ विरोध की रणनीति को लेकर पशोपेश में हैं। पहले ही दिल्ली को निकले किसानों के जत्थों को रोक दिया गया था। मामला अब सुप्रीम कोर्ट पहुंच गया है। जिसमें केंद्र, पंजाब व हरियाणा सरकार से शंभू बॉर्डऱ समेत अन्य हाई-वे खोलने के निर्देश देने की मांग की गई है। भीड़. के अनियंत्रित होने पर उन्होंने धुएं के गोले प्रयोग किए। हरियाणा के खाप नेताओं ने भी विरोध मार्च में शामिल होने का निर्णय लिया है। हालांकि संयुक्त किसान मोर्चा विभाजित है। उसके विभिन्न समूहों में गुटबाजी के चलते उनके निर्णय प्रभावित हो रहे हैं। चूंकि प्रधानमंत्री हरियाणा जा रहे हैं। ऐसे में सुरक्षा एजेंसियों से विशेष सतर्कता बरतने की उम्मीद लाजमी है। किसानों को चोट पहुंचाना कभी भी न्यायोचित नहीं ठहराया जा सकता। मगर पुलिस का आरोप है कि उन्होंने लोहे की छड़ों व रस्सियों के मार्फत लोहे की सुरक्षा जालियों को हटाना चालू कर दिया था। पूर्व में हमने देखा है किसानों ने इन व्यवधानों से निपटने की भरपूर और बड़े. स्तर पर तैयारियां की थीं। उन्होंने क्रेन व ट्रैक्टरों के आगे लोहे की मोटी-मोटी मजबूत छड़ें.लगवाई थीं। जो विरोध- प्रदर्शन का उचित तरीका नहीं कहा जा सकता। हालांकि तीन सौ दिनों से भूख हड़ताल पर बैठे किसानों के प्रति सरकार का रवैया भी सामान्य नहीं है। किसानों के प्रति सहिष्णुताभाव प्रदर्शित करते हुए सरकार को विशेषज्ञों के दल के साथ विस्तारपूर्वक बातचीत करानी चाहिए। घायल किसानों के इलाज में किसी तरह असावधानी अक्षम्य मानी जाएगी। हकीकत में समर्थन मूल्य को लेकर देश भर के किसान उतने उग्र नहीं हैं। जितने राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र के ईद- गिर्द के किसान संगठनों ने नाराजगी दिखाई है। समर्थन मूल्य की कानूनी गारंटी के साथ ही ऋण माफी, पेंशन व सस्ती बिजली की मांग के प्रति सरकार को सलीके से जवाब देने चाहिए। क्योंकि बात केवल बड़े.किसानों की नहीं है। इसमें छोटे- मझोले किसान भी शामिल है। जिनकी जिन्दगी पूरी तरह कृषि पर ही आधारित है। बड़े. व समृद्ध किसानों पर होने वाली सख्ती की मार से कमजोर किसानों को बचाना सरकार की जिम्मेदारी है।

## 'अमंगलकारी' रविवार

**भारतीय** क्रिकेट के लिए बीता रविवार अच्छा नहीं रहा। क्योंकि एक नहीं तीन हारों का सामना करना पड़ा। पहले रोहित शर्मा की अगुआई में टीम इंडिया ऑस्ट्रेलिया से पिंक बॉल टेस्ट में 10 विकेट से हार गई। इसके बाद महिला क्रिकेट टीम वह भी ऑस्ट्रेलिया दौरे पर है। वह ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ दूसरे वनडे. में 122 रनों से हारकर तीन वनडे. मैचों की सीरीज में 0-2 से पिछड़क र सीरीज गंवा बैठी। वहीं अंडर 19 टीम एशिया कप के फाइनल में बांग्लादेश से हारकर खिताब पर कब्जा जमाने से वंचित हो गई। भारतीय पुरुष टीम ने ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ पिछली पांच टेस्ट सीरीजों में से चार जीती हैं और उसने सीरीज का पहला पर्थ टेस्ट जीता तो क्रिकेटप्रेमियों को लगा कि वह एक और सीरीज जीतने की तरफ बढ़ गया है, लेकिन एडिलेड टेस्ट को ऑस्ट्रेलिया ने जिस दबदबे के साथ जीता है उसने टीम की चिंताओं को बढ़ा दिया है। असल में पिंक बॉल रात में ज्यादा स्विंग करती है और उसे हैंडिल करने में हमारे बल्लेबाज सक्षम नजर नहीं आए। भारत को अब ब्रिस्बेन में खेले जाने वाले तीसे टेस्ट में वापसी करनी होगी और वह ऐसा कर सका तो टीम फिर से पटरी पर लौट आएगी। साथ ही उसकी इस हार से विश्व टेस्ट चैंपियनशिप का फाइनल खेलने की कमजोर पड़ी संभावनाओं को मजबूती मिल जाएगी। एडिलेड की हार से भारत ड़ब्ल्यूटीसी की अंक तालिका में 57.29 प्रतिशत अंकों से तीसरे स्थान पर पिछड़. गया है। जहां तक महिला टीम की हार की बात है तो इसमें गेंदबाजों के खराब प्रदर्शन की अहम भूमिका रही। जब गेंदबाजों ने ऑस्ट्रेलिया को आठ विकेट पर 371 रन बनाने की छूट दे दी तब ही हार तय हो गई। गेंदबाजों के कमजोर प्रदर्शन के बाद बल्लेबाज भी कभी टीम को मुकाबले में लाते नहीं दिखे। पुरुष टीम और महिला टीमों की हार इतनी धक्का पहुंचाने वाली नहीं है जितनी अंडर 19 एशिया कप में बांग्लादेश के हाथों हार। वनडे. फार्मेट से खेले गए इसमें बांग्लादेश को 198 रनों पर सीमित करने के बाद भारतीय बल्लेबाजों ने 139 रन तक ही पहुंचकर बेहद निराश किया। बांग्लादेश लगातार दूसरी बार चैंपियन बना है। इससे यह संकेत तो मिलता है कि हमारी सप्लाई लाइन पहली की तरह मजबूत नहीं है। बेहतर हो कि इस तरफ अभी से ध्यान देकर सुधार लाया जाए, क्योंकि भविष्य की बागड़ोर इनके ही हाथों में रहनी है।

# जलवायु परिवर्तन की चुनौती और समाधान

पहाड़ी इलाकों में कई ऐसे गांव थे जहां पंखे के लिए जगह नहीं रखी जाती थी। आज उन जगह पर एसी पहुंच गए हैं। जलवायु परिवर्तन के इससे भी भयंकर परिणाम देखने को मिल रहे हैं। बरसात के समय इतनी अधिक बरसात हो रही है कि गांव के गांव भूस्खलन की जद में आ रहे हैं। लोग घरों से बेघर हो रहे हैं। गर्मी अपनी चरम पर पहुंच रही है। कई वर्षों पुराने ग्लेशियर पिघल रहे हैं जिससे समुद्र का जल स्तर बढ़ रहा है। समुद्र के नजदीक के क्षेत्र जो कई वर्षों से वहां रह रहे थे, आज समुद्र में समा रहे हैं। इतने खतरनाक परिणाम आज जलवायु परिवर्तन के देखने को मिल रहे हैं, जो सीधे तौर पर हमारे जीवन को प्रभावित कर रहे हैं। तो आखिर प्रश्न उठता है कि ये सब जलवायु परिवर्तन के कारण क्या हैं?

**आशीष बहल**

**म**नुष्य आज विकास के पथ पर अग्रसर है। हर रोज विकास की नई गाथाएं लिखी जा रही हैं। कई देश एक-दूसरे से आगे निकलने की होड़ में हैं। यह विकास किस कीमत पर हो रहा है, इसकी अभी किसी को फिक्र नहीं है। विकास की कीमत चुकानी ही पड़ती है, इसमें कोई दो राय नहीं। हम भी कुछ हद तक विकास से होने वाले विनाश को समझ रहे हैं, या यूं कह सकते हैं कि विनाश का आभास हमें हो रहा है। आज मानव समाज के सामने सबसे बड़ा खतरा सामने आ रहा है और वो है पर्यावरण में असंतुलन। मनुष्य प्रकृति से इतना खिलवाड़ कर चुका है कि प्रकृति बहुत हद तक खोखली हो चुकी है। और नतीजा यह है कि आज जलवायु परिवर्तन जैसी विकट स्थिति देखने को मिल रही है। जलवायु परिवर्तन का अर्थ है लंबे समय तक जलवायु में महत्वपूर्ण परिवर्तन। यह परिवर्तन प्राकृतिक प्रक्रियाओं और मानवीय गतिविधियों दोनों के कारण हो सकता है। हालांकि, वर्तमान समय में मुख्य रूप से मानवीय गतिविधियां, जैसे जीवाश्म ईंधन का जलाना, वनों की कटाई और उद्योगों से निकलने वाले ग्रीनहाउस गैस उत्सर्जन, इसके लिए जिम्मेदार हैं। जलवायु परिवर्तन मनुष्य को सीधे तौर पर प्रभावित करता है। जलवायु परिवर्तन से फसलों पर बहुत गहरा प्रभाव पड़ता है। आज जिन क्षेत्रों की कृषि भूमि बारिश पर निर्भर करती है, वहां की फसलें सबसे अधिक प्रभावित हैं। समय पर बारिश न होना और जिस समय आवश्यकता नहीं, उस समय अधिक बारिश होना, यह जलवायु परिवर्तन का सबसे बड़ा उदाहरण है। आज जलवायु परिवर्तन के कारण ही समय पर फसलों की बुआई नहीं हो पा रही है। जिन क्षेत्रों में सर्दी के समय हर समय बर्फ रहती थी आज वो क्षेत्र गर्मी की चपेट में आ चुके हैं।

सभी बड़े-बड़े सम्मेलनों में जलवायु परिवर्तन को लेकर चिंता जाहिर की जाती है। 2015 में पैरिस समझौता जलवायु परिवर्तन को लेकर एक अहम समझौता माना जाता है जिसमें कई मुद्दों पर सहमति बनी और वैश्विक स्तर पर तापमान वृद्धि को 1.5 डिग्री तक सीमित करना और ग्रीनहाउस गैस उत्सर्जन कम करना इसका मुख्य उद्देश्य था। जलवायु परिवर्तन पूरी तरह से मानव निर्मित है। आज हम अपनी विकास की अंधाधुंध दौड़ में पर्यावरण जैसे अहम मुद्दे को नजरअंदाज कर रहे हैं। जलवायु परिवर्तन के कई कारण हैं, परंतु सबसे अहम कारण अगर मैं समझ पाता हूं तो वो है पेड़ों का अंधाधुंध कटान। पेड़ ही पर्यावरण को बचाने में अहम भूमिका निभाते हैं। वनों की कटाई से बारिश पर बहुत प्रभाव पड़ता है। आज बारिश अनियमित हो चुकी है और जब बारिश नहीं होगी तो प्रकृति का संतुलन बिगड ?ा स्वाभाविक है। एक रिपोर्ट के अनुसार पिछले 150 सालों में धरती का तापमान 1.5 डिग्री बढ़ चुका है। अब आगे आने वाले समय में इसकी रफ्तार और बढ़ेगी। कभी हम कहते थे कि जलवायु परिवर्तन के गंभीर परिणाम होंगे और आज हम कह रहे हैं कि जलवायु परिवर्तन के गंभीर परिणाम हम भुगत रहे हैं। कभी नवंबर माह में पहाड़ बर्फ से भरे होते थे, आज बारिश का नामोनिशान नहीं है। आज बढ़ती जनसंख्या, बढ़ते औद्योगीकरण की कीमत पर्यावरण को प्रदूषित के रूप में हम चुका रहे हैं। शहरीकरण और औद्योगिक विकास के कारण आज ग्रीनहाउस गैस उत्सर्जन में भारी बढ़ोतरी हुई है, जिससे ग्लोबल वार्मिंग जैसी गंभीर समस्या का जन्म हुआ और आज ग्लोबल वार्मिंग के कारण पृथ्वी का तापमान बढ़ रहा है। आप यह जान कर हैरान हो जाएंगे कि कि पिछले 20 वर्षों में 28 ट्रिलियन बर्फ पिघल चुकी है।

यदि इसी रफ्तार से जलवायु परिवर्तन होता रहा तो वर्ष 2100 तक आर्कटिक क्षेत्र की बर्फ पूरी तरह पिघल जाएगी। औद्योगिक क्रांति के बाद से, वायुमंडल में कार्बन डाइऑक्साइड का स्तर लगभग 50 फीसदी बढ़ गया है। वर्तमान में, सीओ-2 का स्तर 417 पीपीएम (पाट्र्स पर मिलियन) तक पहुंच गया है जो 800000 वर्षों में सबसे अधिक है। अभी भी समय है सभी देशों को मिलकर अपने विकास कार्यों को पर्यावरण की बलि चढ़ाकर पूरा नहीं करना चाहिए। पर्यावरण संरक्षण के लिए ठोस कदम उठाने चाहिएं। सौर ऊर्जा का अधिक से अधिक प्रयोग बढ़ाना होगा। अधिक से अधिक पेड़ लगाने होंगे। आज कई मुहिम इस ओर चली हैं, परंतु अभी भी इसके लिए प्रभावी कदम उठाना आवश्यक है। जलवायु परिवर्तन एक ऐसी समस्या है जो पूरी मानवता के अस्तित्व के लिए खतरा है। इसे रोकने के लिए तत्काल और ठोस कदम उठाने की आवश्यकता है। हर व्यक्ति, संगठन और सरकार को इस दिशा में योगदान देना होगा। यदि हम अभी कार्रवाई करते हैं, तो हम आने वाली पीढ़ियों के लिए एक सुरक्षित और स्वस्थ भविष्य सुनिश्चित कर सकते हैं।

# बहुभाषी समाज से भारतीय एकता होगी सुदृढ़

भारतवर्ष में अनेकों पंथ और अनेकों भाषा के लोग निवास करते हैं। भारत में विविधता में एकता है। हिंदी, मराठी, गुजराती, पंजाबी, तेलुगू, कन्नड़, मलयालम, गुजराती इत्यादि भाषाएं भारत में बोली जाती हैं। भारतीय भाषाओं को बढ़ावा देने के लिए तथा उनका विकास करने के लिए सार्थक वातावरण तैयार करने के उद्देश्य से भारतीय भाषा महोत्सव मनाया जा रहा है। भारतीय भाषा महोत्सव को मनाने का सुझाव विश्वविद्यालय अनुदान आयोग द्वारा दिया गया। भारतीय भाषाओं को सद्भावनापूर्वक बढ़ावा देना इसका मुख्य उद्देश्य है। शिक्षण संस्थानों को 11 दिसंबर को भारतीय भाषा दिवस मनाने का सुझाव तथा इससे संबंधित निर्देश दिए गए हैं। भारतीय भाषा दिवस महान तमिल कवि और स्वतंत्रता सेनानी महाकवि सुब्रमण्यम भारती की जयंती पर मनाया जाता है। सुब्रमण्यम भारती बहुभाषायी थे।

**वै**श्वीकरण और प्रतियोगी दौर में विश्व के हर नागरिक को बहुभाषी होना जरूरी है। बहुभाषायी समाज केवल संवाद का माध्यम नहीं, बल्कि एक ऐसा ढांचा है जो मानवता को विविधता, समरसता और प्रगति के रास्ते पर ले जाता है। इसे बनाए रखना और बढ़ावा देना हमारी जिम्मेदारी है। समय-समय पर बहुत से देशों ने विविधता के कारण भाषा उत्सव मनाए हैं। एक भाषा उत्सव दुनिया भर के विभिन्न देशों के संगठनों द्वारा आयोजित एक सांस्कृतिक और शैक्षिक कार्यक्रम है। इस कार्यक्रम का उद्देश्य भाषाओं और संस्कृतियों में रुचि रखने वाले लोगों को दुनिया की भाषाओं के बारे में पढ़ाना और जानकारी प्रदान करना और भाषा की समृद्धि और विविधता को दिखाना है। भाषा उत्सवों का उद्देश्य यह भी है कि दुनिया की सभी भाषाएं समान रूप से महत्वपूर्ण और मूल्यवान हैं, और कोई छोटी और बड़ी भाषाएं नहीं होनी चाहिए। सबका अपनी जगह औचित्य है।

एक भारत श्रेष्ठ भारत, आजादी का अमृत महोत्सव कार्यक्रम के तहत भारतीय भाषा उत्सव की शुरूआत की गई। स्कूली शिक्षा एवं साक्षरता विभाग, शिक्षा मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा भाषा सीखने को बढ़ावा देने के लिए इस वहां भाषा के माध्यम से एकत थीम के साथ 4 दिसंबर से 11 दिसंबर, 2024 तक भारतीय भाषा उत्सव आयोजित किया जा रहा है। इस कार्यक्रम के दौरान, भारतीय भाषा उत्सव के भव्य समापन के लिए गति तैयार करने के लिए गतिविधियों को सभी स्तरों पर आयोजित किया जाना है, यानी स्कूल, बीआरसी/सीआरसी/पंचायत, जिले (डीआईईटी सहित) राज्य और राष्ट्रीय स्तर पर। 11 दिसंबर को महान राष्ट्रवादी तमिल कवि सुब्रमण्यम भारती की जन्म जयंती है, जो तमिलनाडु में स्वतंत्रता सेनानी और समाज सुधारक महाकवि भारती के नाम से लोकप्रिय थे। भारतवर्ष में अनेकों पंथ और अनेकों भाषा के लोग निवास करते हैं। भारत में विविधता में एकता है। हिंदी, मराठी, गुजराती, पंजाबी, तेलुगू, कन्नड़, मलयालम, गुजराती इत्यादि भाषाएं भारत में बोली जाती हैं। भारतीय भाषाओं को बढ़ावा देने के लिए तथा उनका विकास करने के लिए सार्थक वातावरण तैयार करने के उद्देश्य से भारतीय भाषा महोत्सव मनाया जा रहा है। भारतीय भाषा महोत्सव को मनाने का सुझाव विश्वविद्यालय अनुदान आयोग द्वारा दिया गया। भारतीय भाषाओं को सद्भावनापूर्वक बढ़ावा देना इसका मुख्य उद्देश्य है। शिक्षण संस्थानों को 11 दिसंबर को भारतीय भाषा दिवस मनाने का सुझाव तथा इससे संबंधित निर्देश दिए गए हैं। भारतीय भाषा दिवस महान तमिल कवि और स्वतंत्रता सेनानी महाकवि सुब्रमण्यम भारती की जयंती पर मनाया जाता है। सुब्रमण्यम भारती बहुभाषायी थे।

उन्हें कई भाषाओं का ज्ञान था। भारत के एक महान कवि तथा स्वतंत्र सेनानी थे। सुब्रमण्यम भारती को तमिल भाषा का अग्रदूत कहा जाता है। हालांकि संविधान की आठवीं अनुसूची में भारत की 22 भाषाएं शामिल हैं। भारतीय संविधान के अनुच्छेद 343 (1) के अनुसार हिंदी हमारे देश की राजभाषा है। इस अनुच्छेद में यह व्यवस्था है कि संघ की राजभाषा हिंदी और लिपि देवनागरी होगी। इस तरह यह द्वंद्व हमेशा रहता था कि भारत में बड़ी मात्रा में हिंदी बोली जाती है, बल्कि दक्षिण भारत लोग इससे परहेज रखते थे। इसी दूरी को पाटने का काम तमिल कवि सुब्रमण्यम भारती जी ने किया और यह संदेश दिया कि इनसानियत और आत्मीय गठजोड़ को और प्रगाढ़ करने के लिए बहुभाषीय होना अत्यंत आवश्यक है। इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य शिक्षण संस्थान में भाषा सद्भावना को बढ़ावा देना तथा विद्यार्थियों को विविध भाषा के महत्व तथा उनके बीच में जागरूकता निर्माण करना है। बहुभाषीय होने से एक अच्छी साहित्यिक समझ भी उत्पन्न हुई है। साहित्यिक बहुभाषावाद एक अच्छा माध्यम है जिससे विभिन्न ऐतिहासिक, भौगोलिक, सांस्कृतिक तथा सामाजिक संदर्भों में विभिन्न भाषाओं या भाषा विविधताओं द्वारा उत्पन्न मूल्य निर्णयों को देखा जा सकता है। बहुभाषिक समाज में जिस तरह अन्य क्षेत्रों में संवाद अनुवाद के माध्यम से होता है, उसी तरह साहित्य के क्षेत्र में भी विभिन्न भाषाएं अनुवाद के माध्यम से एक-दूसरे के निकट आती हैं। पंजाबी, बांग्ला, कन्नड़, उडिया तमिल, तेलुगु, मराठी आदि कवियों और लेखकों की रचनाएं हम अक्सर अपनी भाषा में पढ़ते हैं, उनका आस्वाद अपनी भाषा के माध्यम से लेते हैं। विशाल विविधता वाला हमारा देश हमेशा भाषा के रंग में एकता के सूत्र में पिरोने का काम भी करता है। बहुभाषीय होने के कारण मनुष्य हमेशा अधिगमकर्ता बना रहता है।

हमेशा दूसरी संस्कृति को जानना, उसके साथ संवेगात्मक रिश्ता भी निभाता है। आज बहुभाषीय होने से विश्व पटल पर साहित्य की समझ और परख भी होती है। भारतीय भाषा महोत्सव के अंतर्गत उच्च शिक्षण संस्थानों में विविध प्रकार के कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। इन कार्यक्रमों के द्वारा छात्रों को विविध भाषा का ज्ञान मिल सके और अन्य भाषाओं में छात्रों की रुचि बढ़ाने के लिए यह कार्यक्रम आयोजित किए गए थे। अपनी मातृभाषा में महारत हासिल करने के अलावा अन्य भाषा का ज्ञान प्राप्त करने के लिए यह कार्यक्रम प्रेरित करता है। अपनी मातृभाषा के अलावा अन्य भाषा का सम्मान करना, उसमें रुचि पैदा करना, उसे सीखना, प्यार करना, समझना, यह इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य है। इस तरह के कार्यक्रम के तहत हम पड़ोसी राज्य की भाषाएं लिखकर उसका लुत्फ उठा सकते हैं। भारतीय भाषा को महत्व देने का एक योग्य मार्ग है। आने वाले समय में शिक्षण संस्थानों में इस तरह के कार्यक्रम से भारत में विविधता में एकता बनाए रखने के लिए तथा बहुभाषी समाज की स्थापना करने के लिए यह कार्यक्रम अति उत्तम है। सभी नागरिकों को एक से ज्यादा भाषाएं सीखनी चाहिए, ताकि समाज में संवाद मजबूत हो।

# निर्णय

## चिंतन-मनन

**ओशो**

**बा**दशाह ने अपने दरबारी मसखरे को खुश होकर पुरस्कार में एक घोड़ा दिया। घोड़ा बड़ा मरियल और कमजोर था। चल भी सकेगा यह भी संदिग्ध था। मसखरा तो मसखरा ठहरा, उसने सम्राट से तो कुछ न कहा, छलांग मारकर घोड़े पर सवार हो गया और एक ओर चलने की कोशिश करने लगा या घोड़े को चलाने की कोशिश करने लगा। बादशाह ने आवाज देकर पूछा,बड़े मियां कहां चल दिये? उसने कहा, हुजूर, जुम्मे की नमाज पढ़ने जा रहा हूं। पर सम्राट ने कहा, आज तो सोमवार है। उसने कहा, यह घोड़ा जुम्मे तक भी पहुंच जाए मस्जिद तो बहुत है! अभी से चले तो ही पहुंच पाएंगे। और मस्जिद दो कदम पर है। घोड़ों घोड़ों की बात है। कौन पहुंचा, नहीं पहुंचा, इसकी फिकिर छोड़ो। घोड़ों घोड़ों की बात है। मस्जिद दो कदम पर थी, मैं तुमसे कहता हूं, दो कदम पर भी नहीं है। अष्टावक्र कह रहे हैं कि तुम्हारे भीतर है। और कल पहुंचोगे ऐसा भी नहीं है। घडी भर बाद पहुंचोगे ऐसा भी नहीं है। तत्क्षण, इसी क्षण, जैसे बिजली कौंध जाए ऐसे क्रांति होती है। आंख बंद करके तुम अगर भीतर देखो तो अभी पहुंच गए, इसी क्षण पहुंच गए। कल पर टालने का प्रश्न ही नहीं है। जनक को हुआ, तुम्हें हो सकता है, क्योंकि जनक से रत्ती भर भी तुममें कमी नहीं है। मुझे हुआ,तुम्हें हो सकता है, क्योंकि मुझसे रत्ती भर भी तुममें कमी नहीं है। और अगर नहीं हो रहा हैङ्क तो याद रखना, तुमने कहीं गहरे में निर्णय कर रखा है कि अभी होने नहीं देना है। शायद न होने में तुम्हारा कुछ न्यस्त स्वार्थ है। शायद न होने में तुम अभी सोचते हो, थोड़ा और रस ले लें, थोड़ा और टटोल लें, शायद संसार में कुछ हो,यह तो फिर कभी भी कर लेंगे। लोग मेरे पास आते हैं, कहते हैं अभी तो जिंदगी पड़ी है। ध्यान करना जरूर है, लेकिन आखिर में कर लेंगे। अभी के थोड़े ही हो गए, जब बूढे,हो जाएंगे तब कर लेंगे। और का आदमी कभी बूढ़ा नहीं होता। बूढ़े से बूढ़े को पूछो तो वह भी अभी सोच रहा है कि अभी तो दिन पड़े हैं। मरते दम तक आदमी सोचता है, अभी तो दिन हैं, अभी कर लेंगे। परमात्मा को टालता जाता है और सब कर लेता है। जो न करने जैसा है कर लेता है जो करने जैसा है उसे टालता जाता है। यह तुम्हारा निर्णय है। तुम मालिक हो। पाना चाहो तो अभी पा सकते हो न पाना चाहो तो तुम्हें कोई देने वाला नहीं है।

## आपके पत्र

### भ्रष्टाचार की गहरी जहरीली जड़ें

नौ दिसंबर को अंतरराष्ट्रीय भ्रष्टाचार विरोधी दिवस मनाया जाता है। सन 1972 में लोकनायक जयप्रकाश नारायण ने कहा था कि भ्रष्टाचार व्यापक जोड़तोड़, व्यक्तिगत लाभ, स्वार्थपरक राजनीति से पनपता है। इससे भ्रष्ट नौकरशाह को बढ़ावा मिलता है। इस स्थिति में सत्यनिष्ठ और ईमानदार लोगों को काम करने में कठिनाई होती है।

31 अक्तूबर 2003 को संयुक्त राष्ट्र के सम्मेलन में विश्वव्यापी बन रही समस्या भ्रष्टाचार के प्रति लोगों को जागरूक करने के लिए एक प्रस्ताव पारित हुआ और फिर हर वर्ष 9 दिसंबर को अंतरराष्ट्रीय भ्रष्टाचार विरोधी दिवस मनाया जाने लगा। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी विश्वव्यापी समस्याओं को उठाते रहते हैं। उन्होंने भ्रष्टाचार के खिलाफ भी आवाज बुलंद की है। एकजुट होकर ही इससे निपटा जा सकता है।

**केपी शर्मा ,रांची**

मेट्रो रेज की ओर से स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक एवं मुद्रक जीतेन्द्र कुमार सिंह के लिए जेके न्यूज नेटवर्क, पिपरटोली, अरगोड़ा, रांची 834002 (झारखंड) से प्रकाशित तथा शिवासाईं पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड, नियर टेंडर बागीचा, पेट्रोल पंप रातू रोड, रांची , (झारखंड) से मुद्रित।
**प्रधान संपादक** : जीतेन्द्र कुमार सिंह, **संपादक** : लाल दिवाकर नाथ शाहदेव*, *पीआरबी एक्ट के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेदार। समस्त दिवानी विवादों, न्यायोचित कार्रवाइयों एवं दंडित परिवादों के लिए क्षेत्राधिकार रांची न्यायालय में रहेगा। फोन : 7369017908, R.N.I. No.-JHAHIN/2017/75028 **website : www.metrorays.in**
**email : metrorays.ranchi@gmail.com**

न्यूज ब्रीफ

## सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र का किया औचक निरीक्षण



**साहिबगंज :** सिविल सर्जन साहिबगंज डॉ प्रवीण कुमार संथालिया के द्वारा मंगलवार की सुबह लगभग 10 बजे सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र पतना का औचक निरक्षण करते हुए सभी जगह जा कर बहुत हि बारीकी तरह से सभी स्वास्थ्य कर्मचारी को निर्देश देते हुए ने कहा कि किसी भी मरीज के साथ समान इलाज होना चाहिए । अगर किसी भी तरह कि शिकायत मिलने पर छोडेंगे नही ।जबकि पुरे स्वास्थ्य केंद्र के साफ सफाई पर विशेष ध्यान रखने को भी कहा।

## गायत्री शक्तिपीठ में विराट रक्तदान शिविर 15 को

**साहिबगंज :** ॐ भूर्भुवः स्वः तत्सवितुर्वरेण्यं भर्गो देवस्य धीमहि धियो यो नः प्रचोदयात हर साल की तरह इस वर्ष 2024 में भी आगामी दिनांक 15 दिसम्बर रविवार को पूर्वाह्न 9.00 बजे से गायत्रि शक्तिपीठ में विराट रक्तदान शिविर आयोजिन करेगे । जिसमें आप सभी रक्त वीरों से सादर प्रार्थना है। कि इस शिविर में पहुंचकर स्वयं भी रक्तदान करें और दूसरों को भी रक्तदान करने हेतु प्रेरित करें।ताकि यह महान अनुष्ठान और महायज्ञ पूरी तरह सफल हो सके।

## ससमय किसानों का भुगतान निश्चित रूप से किया जाए : उपायुक्त



**दुमका :** समाहरणालय के सभागार कक्ष में सोमवार को जिले के उपायुक्त आंजनेयुलु दोड्डे की अध्यक्षता में धान अधिप्राप्ति को लेकर बैठक आयोजित की गयी। बैठक में उपायुक्त में निदेश दिया कि जिले के 26 धान क्रय केंद्र में से 10 लैम्प्स में 15.12.2024 से धान क्रय करना प्रारंभ किया जाय।लैम्प्स में आवश्यक उपकरण की व्यवस्था सुनिश्चित किया जाय। सभी लैम्प्स में ऑपरेटर की प्रतिनियुक्ति की जाए।कहा कि ससमय किसानों का भुगतान निश्चित रूप से किया जाए। उन्होंने कहा कि धान अधिप्राप्ति हेतु जिले को प्राप्त लक्ष्य को निश्चित रूप से प्राप्त करना है। इस हेतु सभी अधिकारी विभागीय दिशा निदेशों का अक्षरशः पालन करना सुनिश्चित करें। बैठक में दो नए लैम्प्स का प्रस्ताव जिला सहकारिता पदाधिकारी द्वारा दिया गया जिसे स्वीकृति प्रदान की गई।

## बच्चों ने घर में घुसकर दो मोबाइल एवं नकदी की चोरी की

**दुमका :** झारखंड की उपराजधानी दुमका के नगर थाना क्षेत्र के बगान पाड़ा में झारखंड मुक्ति मोर्चा के नेता के घर में दिनदहाड़े दो छोटे छोटे बच्चों ने घर में घुसकर दो मोबाइल और नकदी की चोरी कर लेने की घटना हुई है। मिली जानकारी के मुताबिक यह चोरी काफी सातिर तरीके से की गई हैं. जानकारी के अनुसार बगान पाड़ा निवासी सह झारखंड मुक्ति मोर्चा के पूर्व नगर सचिव रमेश कुमार रजक अपने घर में थे। उनकी पत्नी बाथरूम में थी इसी दौरान अचानक दो बच्चे पहुंचे और बाथरूम को बाहर से बंद कर दिया और घर के अन्दर जाकर दो मोबाइल और नकद पैसा लेकर भाग गये। जब उनके पिताजी घर पहुंचे तो उनकी पत्नी की आवाज सुनकर बाथरूम का गेट खोला तब खोजबीन शुरू हुई और पता चला कि मोबाइल और पैसा गायब हो गया। उसके बाद झामुमो नेता रमेश कुमार रजक ने नगर थाना पहुंचकर इस पूरे मामले की शिकायत की है।

## सोनिया गांधी के जन्मदिन पर कंबल का वितरण



**देवघर :** भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस की पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष सोनिया गांधी के जन्मदिन के अवसर पर देवघर जिला इंटक के जिला अध्यक्ष अनंत मिश्रा, झारखंड प्रदेश इंटक के प्रदेश सचिव अजय कुमार, राजीव गांधी पंचायती राज संगठन के प्रदेश उपाध्यक्ष डॉ.अमित कुमार झा एवं देवघर जिला महिला कांग्रेस की अध्यक्षा प्रमिला देवी द्वारा जसीडीह स्थित वार्ड नंबर 1 के संथाली गांव में अशोक लाल बरनवाल, जानकी देवी, संध्या देवी, जागरण ,आशा देवी, सीमा देवी, आनंदी झा, मुन्नी देवी, कलावती देवी, खुशबू देवी, रूपा देवी, प्रदीप तिवारी, बम शंकर बरनवाल, उमाशंकर वर्मा, दीनदयाल पंडित, रूबी देवी, संगीता देवी मंगरु राम कालू देवी महेंद्र वर्मा, अनुज, पुरन राम, सरिता देवी, लक्ष्मी देवी, आरती देवी, मुन्नी देवी, जितेंद्र वर्मा, अनिल राम के बीच कंबल वितरण किया गया। कंबल वितरण कार्यक्रम में शामिल देवघर जिला इंटक के कार्यकारिणी के सदस्य सुधीर देव, देवघर जिला इंटक की उपाध्यक्ष नाहिदा सुल्तान, मीणा तुरी, राजू तुरी, सचिव राधा पाल एवं सदाशिव राणा द्वारा भी महिलाओं के बीच कंबल वितरण किया गया। सर्वप्रथम श्रीमती गांधी के जन्मदिन के अवसर पर इंटक एवं महिला कांग्रेस द्वारा महिलाओं एवं पुरुषों के बीच लड्डू वितरण किया गया और सोनिया गांधी के दीघार्यु होने की कामना की गई।

## हाइवा की चपेट में आने से बाइक सवार युवक की मौत

**लातेहार:** बालूमाथ-पाकी मार्ग पर सोमवार की सुबह हेरहंज थाना क्षेत्र के हूंबू पेट्रोल पंप के पास हाइवा की चपेट में आने से एक बाइक सवार युवक की मौत हो गई. उसकी पहचान हेरहंज थाना क्षेत्र के हूंबू ग्राम के हाटाटोंगरी टोला निवासी हेमराज राम के पुत्र नीरज कुमार उर्फ प्रमोद राम के रूप में हुई है. हालांकि स्थानीय लोगों द्वारा युवक को बालूमाथ सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाया गया. यहां डॉ सुरेंद्र कुमार ने जांच के उपरांत उसे मृत घोषित कर दिया.

मृतक युवक के चाचा राकेश कुमार भारती ने बताया कि नीरज अपने छोटे भाई को हूंबू ग्राम स्थित विद्यालय में छोड़कर घर लौट रहा था.

# देसी कट्टा व कारतूस के साथ दो युवक गिरफ्तार



**मेट्रो रेज संवाददाता**

**साहिबगंज :** जिरवाबाड़ी थाना क्षेत्र में हुए जमीन विवाद में पुलिस ने दो युवक को देसी कट्टा व जिंदा कारतूस के साथ गिरफ्तार किया है ।डीएसपी विजय कुमार कुशवाहा ने जिरवाबाड़ी थाना में प्रेस कॉन्फ्रेंस कर बताया कि बीते रविवार की रात्रि 22:10 बजे छोटा पचगढ़ निवासी शुभम कुमार ने जिरवाबाड़ी थाना पहुंचकर बताया कि पूर्व के जमीन के सौदे में पैसों के लेनदेन को लेकर राहुल पासवान तथा अन्य युवक ने गाली-गलौज करते हुए हवा में फायरिंग की है साथ ही उसे जान से मारने की धमकी दी गई है,सूचना मिलते ही पुलिस की छापामारी टीम ने बड़ा पचगढ़-घोघी रोड से देसी कट्टा व जिंदा कारतूस के साथ बड़ा पचगढ़ के ज्योतिया मोड़ निवासी राहुल पासवान 26 वर्षीय एवं कर्ण कुमार 20 वर्षीय को दबोच लिया।उक्त मामले को लेकर जिरवाबाडी.थाना कांड संख्या 196/24 के तहत मामला दर्ज कर पुलिस आगे की कार्रवाई कर रही है दोनों आरोपी को न्यायिक हिरासत में जेल भेजा जा रहा है।मौके पर थाना प्रभारी पंकज कुमार दूबे,पुअनि लव कुमार,सअनि संजय कुमार, आरक्षी ब्रजेश कुमार,हवलदार सकल मुर्मू,रविन्द्र नाथ ठाकुर व अन्य मौजूद थे।

## शॉर्ट सर्किट से लगी आग, लाखों की संपत्ति जलकर खाक

**मेट्रो रेज संवाददाता**

**पलामू:** पांकी प्रखंड के रतनपुर पंचायत के कुशहा जीरो (सालमदीरी) गांव में बीती रात करीब 11 बजे बिजली के शॉर्ट सर्किट से कन्हाई भुइयां के घर में अचानक आग लग गयी. अगलगी में शादी के लिए घर में रखे 40 हजार रुपए समेत 4 से 5 लख रुपए की संपत्ति जलकर खाक हो गयी. इस अगलगी से पूरा घर जलकर राख हो गया. इस घटना में तीन बकरियां जिंदा जल गईं. इसके अलावा घर में रखे तीन साइकिल, डीजल पंप, 5 से 6 क्विंटल धान, 10 12 क्विंटल मक्का समेत 30 से 40 हजार रुपए नगद, कपड़े, खाने-पीने का सामान और आधार कार्ड जैसे महत्वपूर्ण दस्तावेज जलकर पूरी तरह से राख हो गये. जमीन का सारा दस्तावेज भी आग से जल गया.

बताया जाता है कि घटना की रात कन्हाई अपने तीन बच्चों के साथ सोए हुए थे. इस बीच करीब रात 11:00 बजे बिजली का शॉर्ट सर्किट होने से घर में आग लगी. किसी तरह सभी ने अपनी जान बचायी. उन्होंने बाहर निकल कर शोर मचाया. स्थानीय लोगों ने आग पर काबू पाने का पूरा प्रयास किया, लेकिन काबू नहीं पा सके. घटना की सूचना मिलते ही पंचायत के मुखिया और पंचायत समिति सदस्य मौके पर पहुंचे और पीड़ित परिवार को ढांढस बंधाया. पीड़ित परिवार ने मदद के लिए पांकी थाना में शिकायत दर्ज कराया है. इधर पांकी विधायक डॉ. शशिभूषण मेहता घटना पर दुख व्यक्त करते हुए कहा कि अभी मैं रांची हूं. रांची से लौटने के साथ ही पीड़ित परिवार से मिलेंगे और हर संभव सहायता करने का प्रयास करेंगे.

## पलामू टाइगर रिजर्व में रांची जैविक उद्यान से लाया गया हिरण




### जल्द लाया जाएगा काला हिरण

**पलामू:** बाघों के चर्चित पलामू टाइगर रिजर्व में रांची के भगवान बिरसा मुंडा जैविक उद्यान से 28 नर और 146 मादा हिरण को लाया गया है. सभी को बारेसाढ़ स्थित सॉफ्ट रिलीज सेंटर में रखा गया है. पलामू टाइगर रिजर्व में बाघों के प्रवास को बेहतर करने के लिए चार सॉफ्ट रिलीज सेंटर बनाए गए हैं. चारों सॉफ्ट रिलीज सेंटर को ग्रास लैंड के रूप में भी विकसित किया जा रहा है.

नेशनल टाइगर कंजर्वेशन अथॉरिटी से अनुमति मिलने के बाद पलामू टाइगर रिजर्व ने भगवान बिरसा मुंडा जैविक विधान से 300 हिरण और 10 काला हिरण को पीटीआर में शिफ्ट करने की योजना तैयार की थी. पहले चरण में 28 नर और 146 मादा हिरण को लाया गया है. सभी को बोमा तकनीक के माध्यम से पलामू टाइगर रिजर्व में लाया गया है. अगले कुछ दिनों में काला हिरण को भी बोमा तकनीक से पलामू टाइगर रिजर्व में लाया जाएगा.

पलामू टाइगर रिजर्व के उपनिदेशक प्रजेशकांत जेना ने बताया कि पलामू टाइगर रिजर्व में बाघों को बेहतर प्रवास के लिए कई योजनाओं पर कार्य किया जा रहा है. इसी कड़ी में सॉफ्ट रिलीज केंद्र बनाए गए हैं. जहां हिरण और चीतल को शिफ्ट किया जा रहा है. एचटीसी अनुमति मिलने के बाद हिरण और चीतल को पीटीआर में लाया जा रहा है.

पलामू टाइगर रिजर्व 1129 वर्ग किलोमीटर में फैला हुआ है. पलामू टाइगर रिजर्व के सिर्फ वितरण नेशनल पार्क के इलाके में ही हिरण की मौजूदगी है. जबकि पूरा पलामू टाइगर रिजर्व बाघों के लिए चर्चित है. पलामू टाइगर रिजर्व के सभी इलाकों में हिरण की मौजूदगी हो, इसी वजह से सॉफ्ट रिलीज की स्थापना की गई है. हिरण और चीतल को कुछ दिनों तक सॉफ्ट रिलीज सेंटर में रखा जाएगा, उसके बाद स्थानीय वन क्षेत्र में छोड़ दिया जाएगा. बिरसा मुंडा जैविक उद्यान से लाए गए हिरण और चीतल को पहले जंगली वातावरण के अनुकूल बनाया जाएगा, उसके बाद उन्हें जंगल में छोड़ा जाएगा.

## प्राथमिकताओं के आधार पर योजनाओं के कार्य को पूर्ण करने का कार्य करें : उपायुक्त



**मेट्रो रेज संवाददाता**

**दुमका :** समाहरणालय के सभागार कक्ष में सोमवार को जिले के उपायुक्त आंजनेयुलु दोड्डे की अध्यक्षता में भू-अर्जन/ पथ/ एन.एच.ए.आई./रेलवे से संबंधित समीक्षा बैठक आयोजित की गयी। बैठक में उपायुक्त ने कहा कि एन.एच.ए.आई के सभी परियोजना के लिए भू अर्जन का कार्य पूर्ण करते हुए सभी प्रकार के मुआवजा का भुगतान करें एवं निर्धारित समयसीमा में कार्य को पूर्ण करें।कहा कि प्राथमिकता के आधार पर योजनाओं के कार्य को पूर्ण करने का कार्य करें।

इस दौरान जानकारी दी गयी कि एन.एच.ए. आई के 3 परियोजना हेतु विभाग से 1,56,03,09,533.00 रुपये का आवंटन प्राप्त हुआ है।पथ परियोजना के 34 परियोजना हेतु विभाग से कुल 2,21,23,95,369.00 रुपये का आवंटन प्राप्त हुआ है।कॉल ब्लॉक के 4 परियोजना हेतु 38,74,90,009.00 रुपये का आवंटन प्राप्त हुआ है।रेलवे परियोजना के 3 परियोजना हेतु 1,21,23,55,473.00 रुपये का आवंटन प्राप्त हुआ है।

इस दौरान उपायुक्त ने पचवाड़ा साउथ कॉल ब्लॉक के लिए भू अर्जन के संबंध में समीक्षा की एवं आवश्यक निदेश दिया।जानकारी दी गयी कि परियोजना में मुआवजा राशि भुगतान हेतु प्राप्त कुल आवंटन 38,74,90,009.00 रुपए है एवं प्राप्त आवंटन के विरुद्ध पचवाड़ा साउथ कॉल ब्लॉक के पथ निर्माण,प्रशासनिक भवन निर्माण,कॉलोनी निर्माण,रेलवे साइडिंग निर्माण पर नियमानुसार व्यय किया जा रहा है।

### होटल में लगी आग, सारे सामान जल कर खाक

**पलामू:** पांकी मस्जिद चौक कब्रिस्तान कॉम्प्लेक्स स्थित होटल में अचानक आग लगने से सारे सामान जल गए. इससे दुकानदार को लगभग एक लाख रुपये के सामान का नुकसान हुआ. भुक्तभोगी दुकानदार संझलु आंसारी ने बताया कि आग दुकान में कैसे लगी पता नहीं चल पा रहा है. दुकान में खाद्य सामग्री के साथ होटल में रखा हुई नकद राशि के साथ रोजमर्रा के आवश्यक सामान भी थे, जो जलकर राख हो गये. भुक्तभोगी ने पलामू उपायुक्त से मुआवजे की मांग की है. इस घटना से दुकानदार के समक्ष आथिर्क संकट उत्पन्न हो गया. वह अपने परिवार का भरण पोषण होटल से कर रहा था.

## देवघर में बमबाजी और फायरिंग से लोगों में दहशत, जांच में जुटी पुलिस

**मेट्रो रेज संवाददाता**

**देवघर:** जिले के मधुपुर थाना क्षेत्र में रविवार की देर रात बमबाजी की घटना हुई है. मामले की जानकारी मिलने के बाद मधुपुर एसडीपीओ और थाना प्रभारी घटनास्थल पर पहुंचकर मामले की जांच में जुट गए हैं.

इधर, देवघर में बमबाजी की घटना के बाद स्थानीय लोगों में दहशत व्याप्त है. स्थानीय लोगों ने बताया कि रविवार की देर रात एक मोटरसाइकिल पर सवार होकर तीन अज्ञात लोग आए और अचानक लखना मोहल्ले में बम फेंकने लगे. लखना मोहल्ला के लोगों ने बताया कि जब उन्होंने इसका विरोध किया तो मोटरसाइकिल सवार अज्ञात अपराधियों ने गोली मारने की धमकी दी.

करौं थाना क्षेत्र में गोलीबारी

इसके अलावा करौं थाना क्षेत्र में भी गोलीबारी की घटना हुई है. लगातार दो जगह पर हुई गोलीबारी और बमबाजी से स्थानीय लोगों में दहशत है. स्थानीय लोग पुलिस प्रशासन से सुरक्षा मुहैया कराने की मांग कर रहे हैं. स्थानीय लोगों ने बताया कि इस तरह की घटना पहले भी हो चुकी है.लोगों ने 24 घंटे के अंदर अपराधियों को पकड़ने की मांग की है.

वहीं इस संबंध में देवघर पुलिस के प्रवक्ता सह सीसीआर डीएसपी लक्ष्मण प्रसाद ने बताया कि पूरे मामले की उच्चस्तरीय जांच शुरू कर दी गई है. स्थानीय पुलिस की टीम संभावित ठिकानों पर छापेमारी कर रही है. जल्द अपराधियों को गिरफ्तार किया जाएगा.

गौरतलब हो कि विधानसभा चुनाव समाप्त होने के बाद मधुपुर में लगातार इस तरह की घटना हो रही है. इसे लेकर स्थानीय नेताओं में भी आरोप-प्रत्यारोप का दौर जारी है. अब देखने वाली बात होगी कि रविवार को देर शाम हुई बमबाजी और गोलीबारी की घटना का क्या कारण था और इसमें कौन लोग शामिल थे.

## मीडिया प्रतिनिधियों को किया गया सम्मानित



**साहिबगंज :** जिला जनसंपर्क कार्यालय परिसर में विधानसभा आम चुनाव 2024 के परिपेक्ष्य मीडिया प्रतिनिधियों को सम्मानित कार्यक्रम का आयोजन किया गया।जिला प्रशासन साहेबगंज के तत्वावधान से विधानसभा आम चुनाव 2024 के परिपेक्ष्य जिला के सभी इलेक्ट्रॉनिक मीडिया,प्रिंट मिडिया के प्रतिनिधियों को सम्मानित किया गया।मौके पर उप विकास आयुक्त सतीश चंद्रा,परियोजना निदेशक आईटीडीए संजय कुमार दास,अपर समाहर्ता गौतम भगत,जिला कृषि पदाधिकारी प्रमोद एक्का,जिला पंचायती राज पदाधिकारी अनिल कुमार,जिला भू-अर्जन पदाधिकारी छुटेश्वर कुमार दास,डीपीएम जेएसएलपीएस मार्टिन तारीक, जिला परियोजना एवं मूल्यांकन पदाधिकारी अरुण भोक्ता,समेत प्रिंट एवं इलेक्ट्रॉनिक मीडिया के प्रतिनिधि तथा जनसंपर्क कार्यालय के कर्मी उपस्थित थे।

## पूर्व कुलपति डॉ. फटिक चन्द्र हेम्ब्रम के निधन पर विश्वविद्यालय में शोक सभा

**मेट्रो रेज संवाददाता**

**दुमका :** सिदो कान्हू मुर्मू विश्वविद्यालय दुमका के कुलपति के आवासीय कार्यालय में सोमवार को पूर्वाह्न 11 बजे कुलपति प्रो बिमल प्रसाद सिंह की अध्यक्षता में विश्वविद्यालय के पूर्व कुलपति प्रो फटिक चंद्र हेम्ब्रम के असामयिक निधन पर शोक सभा का आयोजन किया गया। उक्त शोक सभा में विश्वविद्यालय के पूर्व कुलपति स्वर्गीय डॉ. फटिक चंद हेम्ब्रम के निधन पर दो मिनट का मौन रखकर गहरी संवेदना व्यक्त की गई। इस शोक सभा में विश्वविद्यालय के तमाम पदाधिकारी, विभिन्न संकायों के डीन, विभागाध्यक्ष एवं विभिन्न स्नातकोत्तर विभागों के शिक्षक आदि शामिल हुए। शोक सभा में उनके साथ काम कर चुके शिक्षकों ने अपनी यादें साझा करते हुए कहा कि स्वर्गीय डॉ. फटिक चन्द्र हेम्ब्रम काफी मृदुभाषी एवं सरल स्वभाव के व्यक्ति थे। कुलपति प्रो.बिमल प्रसाद सिंह ने उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की तथा उनके परिजनों के प्रति संवेदना व्यक्त की। ज्ञातव्य है कि डॉ.फटिक चंद्र हेम्ब्रम ने 28.06.04 को विश्वविद्यालय के आठवें कुलपति के रूप में कार्यभार संभाला था और वे तीन वर्षों तक विश्वविद्यालय में कुलपति के पद पर रहे। इस अवसर पर विश्वविद्यालय के कुलसचिव डॉ. राजीव कुमार ने कहा कि विश्वविद्यालय के विकास में डॉ. फटिक चंद्र हेम्ब्रम जी का योगदान महत्वपूर्ण रहा है। उन्होंने कहा कि उनके कार्यकाल में विश्वविद्यालय को यूजीसी की मान्यता मिली थी। प्रो.फटिक चंद्र हेम्ब्रम का 28 नवंबर को नई दिल्ली के एक अस्पताल में इलाज के दौरान निधन हो गया था।






# पुष्पा 2 द रूल की बॉक्स ऑफिस पर सुनामी, 500 करोड़ के पार पहुंची कमाई

**दक्षिण** भारतीय फिल्मों के सुपरस्टार अल्लू अर्जुन की फिल्म पुष्पा 2 द रूल ने भारतीय बाजार में 529 करोड़ रुपए की शानदार कमाई कर ली है। पुष्पा 2ः द रूल साल की मच अवेटेड फिल्मों में से एक थी , जिसे देखने के लिए सभी बेसब्री से इंतजार कर रहे थे। पुष्पा 2ः द रूल रिलीज के बाद से ही हर दिन नए रिकॉर्ड्स बना रही है। सुकुमार के निर्देशन में बनी फिल्म पुष्पा 2 द रूल की स्पेशल स्क्रीनिंग 04 दिसंबर को हुयी थी। स्पेशल स्क्रीनिंग में इस फिल्म ने 10.1 करोड़ रुपये की शानदार कमाई की। अल्लू अर्जुन की पुष्पा 2ः द रूल बॉक्स ऑफिस पर कमाई की सुनामी लेकर आई है। पुष्पा 2 ? को दर्शकों और समीक्षकों से भी तारीफ मिली है।

सैकनिल्क की रिपोर्ट के अनुसार पुष्पा 2 द रूल ने अपने पहले दिन 164.25 करोड़ की कमाई की। फिल्म ने दूसरे दिन 93.8करोड़ रुपए की कमाई की। फिल्म ने तीसरे दिन 119.25 करोड़, चौथे दिन रविवार को तेलुगु में 44 करोड़ रुपये, हिंदी में 85 करोड़ रुपये, तमिल में 9.5 करोड़ रुपये, कन्नड़ में 1.1करोड़ रुपये और मलयालम में 1.9करोड़ रुपये की कमाई कर ली है। इस तरह यह फिल्म 529करोड़ की कमाई कर चुकी है। उम्मीद की जा रही है यह फिल्म सोमवार तक 600 करोड़ की कमाई कर लेगी। पुष्पाः द राइज के सीक्वल पुष्पा 2ः द रूल में अल्लू अर्जुन पुष्पा राज की भूमिका में और रश्मिका मंदाना श्रीवल्ली की भूमिका में वापस आ गयी हैं। इस फिल्म में फहाद फासिल की भी अहम भूमिका है। इस फिल्म का निर्माण माइथ्री मूवी मेकर्स और सुकुमार राइटिंग्स ने किया है और इसका संगीत टी-सीरीज ने दिया है।

### रणबीर कपूर ने रामायण में भगवान राम की भूमिका निभाने के बारे में खुलकर बात की, कहा-

# 'यह अब तक की सबसे बेहतरीन कहानी'



**अभिनेता** रणबीर कपूर नितेश तिवारी निर्देशित 'रामायण भाग-1' में नजर आने वाले हैं। फिल्म में रणबीर कपूर भगवान राम की भूमिका निभाने जा रहे हैं, वहीं साउथ की अभिनेत्री साई पल्लवी माता सीता की भूमिका में नजर आने वाली हैं।

बॉलीवुड अभिनेता रणबीर कपूर नितेश तिवारी निर्देशित 'रामायण भाग-1' में नजर आने वाले हैं। फिल्म में रणबीर कपूर भगवान राम की भूमिका निभाने जा रहे हैं, वहीं साउथ की अभिनेत्री साई पल्लवी माता सीता की भूमिका में नजर आने वाली हैं। हाल ही में अभिनेता ने जेद्दा में प्रतिष्ठित 'रेड सी इंटरनेशनल फिल्म फेस्टिवल 2024' में भाग लिया, जहाँ उन्होंने पहली बार 'रामायण' के बारे में बात की और इसे अपना 'ड्रीम रोल' बताया।

रणबीर ने पुष्टि की कि वह रामायण पर काम कर रहे हैं। अभिनेता ने कहा मैं जिस फिल्म पर काम कर रहा हूँ, वह 'रामायण' है, जो अब तक की सबसे बेहतरीन कहानी है। मेरे बचपन के दोस्त नमित मल्होत्रा, जो इस फिल्म को इतने जुनून के साथ बना रहे हैं, उन्होंने दुनिया के सभी कलाकारों, रचनात्मक लोगों और क्रू से बेहतरीन काम लिया है। यह अब तक की सबसे बेहतरीन कहानी है।

'रामायण पार्ट-2' की शूटिंग जल्द शुरू होगीः इसके अलावा, एक्टर ने भगवान राम की भूमिका निभाने के बारे में बात की और कहा कि उन्होंने रामायण के पहले भाग की शूटिंग पूरी कर ली है। उन्होंने यह भी कहा कि दूसरा भाग जल्द ही फ्लोर पर जाएगा। रणबीर ने कहा कि राम की भूमिका निभाना उनका सपना था। वह इस भूमिका के लिए आभारी हैं। रणबीर कपूर ने कहा, बस उस कहानी का हिस्सा बनने के लिए, मैं राम की भूमिका निभाने के लिए बहुत आभारी हूं। यह मेरे लिए एक सपना है। यह एक ऐसी फिल्म है जिसमें सब कुछ है। यह सिखाती है कि भारतीय संस्कृति क्या है।

रामायण रिलीज की तारीखः नितेश तिवारी की 'रामायण पार्ट-1' साल 2026 में रिलीज होने वाली है, जबकि दूसरा भाग 2027 में रिलीज होगा। 'रामायण' के सेट से कई तस्वीरें सोशल मीडिया पर वायरल हुईं, जहां रणबीर और सई भगवान राम और सीता के रूप में नजर आए। केजीएफ अभिनेता यश रावण की भूमिका में नजर आएंगे जबकि टीवी अभिनेता रवि दुबे लक्ष्मण की भूमिका में अपनी फिल्मी शुरूआत करेंगे।




## फिल्म बागी 4 से संजय दत्त का खूंखार लुक रिलीज

**बॉलीवुड** के माचो हीरो संजय दत्त की आने वाली फिल्म बागी 4 से उनका खूंखार लुक रिलीज हो गया है। एक्शन थ्रिलर बागी फ्रेंचाइजी की अगली फिल्म बागी 4 का एलान कुछ दिन पहले ही हो गया था। टाइगर श्राफ ने बागी फ्रेंचाइजी की फिल्म बागी ,बागी 2 और बागी 3 में काम किया है। अब टाइगर, फिल्म बागी 4 में नजर आएंगे। बागी 4 में संजय दत्त की एंट्री हो गईहै। इस फिल्म से संजय दत्त का पहला पोस्टर रिलीज हो गया है।

टाइगर श्रॉफ ने इंस्टाग्राम अकाउंट पर बागी 4 के विलेन से पर्दा उठाया है। उन्होंने संजय दत्त का एक पोस्टर शेयर किया है। इस पोस्टर में संजय दत्त खूंखार लुक में दिखाई दे रहे हैं। एक लड़की का शव लिए कुर्सी पर बैठकर खून से लथपथ संजय दत्त चीख रहे हैं। पोस्टर के ऊपर लिखा है, हर आशिक खलनायक होता है। साजिद नाडियाडवाला निर्मित और ए. हर्षा द्वारा निर्देशित फिल्म बागी 4 ,05 सितंबर 2025 को सिनेमाघरों में रिलीज होगी।

# बच्चन परिवार में अंतर-सांस्कृतिक शादियों पर बिग बी की प्रतिक्रिया, बाबू जी की ये बात आयी याद

**केबीसी** के मंच पर अमिताभ बच्चन प्रतिभागियों से सवाल पूछने के साथ-साथ कई बार दिलचस्प चर्चा भी करते दिखते हैं। इसमें कभी सामाजिक मुद्दे होते हैं, तो कभी खुद उनकी निजी जिंदगी से जुड़े। हालिया एपिसोड में बिग बी अपने परिवार में होने वाले अंतर-सांस्कृतिक विवाहों पर बात करते नजर आए। दरअसल, शो में आए प्रतियोगी आशुतोष सिंह ने बताया कि परिवार के मर्जी के खिलाफ शादी करने के बाद उनके माता-पिता ने उनसे बात करना बंद कर दिया और रिश्ता तोड़ दिया। इस पर बिग बी प्रतिभागी को सांत्वना देते दिखे।



प्रतिभागी आशुतोष ने कहा, 'अपने माता-पिता से मेरी पांच साल से बातचीत नहीं हुई है। मुझे पता है कि वे नियमित रूप से केबीसी देखते हैं, इसलिए मेरे लिए यहां आना महत्वपूर्ण था, ताकि मैं आपसे इस बारे में बात कर सकूं और शायद वे हमारी बात सुन सकें'। आशुतोष को सांत्वना देते हुए बिग बी ने कहा, 'मुझे उम्मीद है कि आज का एपिसोड देखने के बाद आपके माता-पिता आपसे फिर से बात करेंगे। आप वह बातचीत कर पाएंगे, जिसके लिए आप तरस रहे हैं'।

बिग बी ने अपने परिवार का दिया उदाहरणः इसके बाद अमिताभ बच्चन ने अपने परिवार के अंतर-सांस्कृतिक विवाहों का उदाहरण पेश किया। उन्होंने बताया कि बच्चन परिवार के सदस्यों ने अलग-अलग सांस्कृतिक और क्षेत्रीय पृष्ठभूमि के लोगों से शादियां रचाई हैं। अपनी शादी के बारे में बताते हुए बिग बी ने कहा कि उत्तर प्रदेश से होने के बावजूद उन्होंने बंगाल की रहने वाली जया बच्चन से शादी की। मेगास्टार ने अपने बच्चों के बारे में भी बताया कि उनकी बेटी श्वेता बच्चन ने पंजाबी परिवार में शादी रचाई। वहीं, बेटे अभिषेक बच्चन ने मैंगलोर की ऐश्वर्या राय से विवाह किया।

**क्या बोला करते थे हरिवंश राय बच्चन? :** अमिताभ बच्चन ने कहा, 'हम हैं उत्तर प्रदेश के पर चले गए बंगाल। हमारे भाई साहब जो हैं वो सिंधी परिवार में पहुंच गए। हमारी बेटी पंजाबी परिवार में और बिटवा, आप तो जानते हैं... मैंगलोर। इस बारे में बात करते हुए बिग बी ने अपने पिता और दिवंगत कवि हरिवंश राय बच्चन की कही बातें याद कीं। बिग बी ने कहा, 'बाबूजी बोला करते थे पहले, 'देश के हर कोने कोने से ब्याह कर के लाए हैं सबको'।

## बार्डर- गावस्कर ट्राफीः मोहम्मद सिराज को सजा, ट्रेविस को माफी






**एजेंसी/एडिलेडः** आईसीसी ने सोमवार को एडिलेड में बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी के दूसरे टेस्ट में मैदान पर झगड़ने के लिए मोहम्मद सिराज और ट्रेविस हैड को सजा दी है। सिराज पर मैच फीस का 20 फीसदी जुमार्ना लगाया गया, जबकि हैड जुर्माने से बच गए, लेकिन भारतीय तेज गेंदबाज के साथ उलझने के लिए उन्हें एक डिमेरिट प्वाइंट मिला। सिराज पर जुमार्ने के साथ डिमेरिट प्वाइंट भी ठोका गया। अनुशासनात्मक सुनवाई के बाद सिराज और हैड को आईसीसी की आचार संहिता के उल्लंघन का दोषी पाया गया। सिराज को खिलाड़ियों और खिलाड़ी सहयोगी कर्मियों के लिए आईसीसी आचार संहिता के नियम 2.5 के उल्लंघन का दोषी पाया गया। आईसीसी ने कहा कि हैड को भी खिलाड़ियों और खिलाड़ी के सहायक कर्मियों के लिए आईसीसी आचार संहिता के नियम 2.13 का उल्लंघन करने के लिए दंडित किया गया था।

हालांकि, वह किसी अंतरराष्ट्रीय मैच के दौरान किसी खिलाड़ी, खिलाड़ी सहायक कर्मियों, अंपायर या रेफरी के साथ दुर्व्यवहार से संबंधित नियम का उल्लंघन करने के लिए जुमार्ने से बच गए। बता दें कि दूसरे टेस्ट में ऑस्ट्रेलिया की 10 विकेट की जीत के दौरान दूसरे दिन हैड और सिराज के बीच नोक झोंक हुई थी। हैड ने सिराज की गेंद पर आउट होने से पहले 141 गेंद में 140 रन की शानदार पारी खेली थी। सिराज ने हेड को आक्रामक विदाई दी थी, जिसके बाद दोनों के बीच बहस हुई थी।

## साउथ अफ्रीका ने साफ किया श्रीलंका का सूपड़ा, बावुमा प्लेयर ऑफ द सीरीज



**कबेखाः** साउथ अफ्रीका और श्रीलंका के बीच खेली गई दो मैचों की टेस्ट सीरीज का समापन सोमवार को हुआ। मुकाबले को साउथ अफ्रीका ने 109 रन से जीता और दो मैचों की सीरीज में श्रीलंका का सूपड़ा साफ कर दिया। इस मैच में साउथ अफ्रीका के लिए हीरो डैन पीटरसन रहे, जिन्होंने सात विकेट मैच में निकाले। वहीं, प्लेयर ऑफ द सीरीज का अवॉर्ड कप्तान तेंबा बावुमा को मिला। उन्होंने इस सीरीज में एक शतक और तीन अर्द्धशतकों के साथ 327 रन बनाए।

### फाइनल की रेस में फंसा भारत

# डब्ल्यूडीसी कप थामने के लिए बीजीटी के जीतने होंगे बचे तीनों टेस्ट मैच

**नई दिल्लीः** साउथ अफ्रीका ने आईसीसी वर्ल्ड टेस्ट चैंपियनशिप प्वाइंट्स टेबल में बादशाहत हासिल कर ली। साउथ अफ्रीका ने सोमवार को श्रीलंका के खिलाफ दूसरे टेस्ट में 109 रन से धमाकेदार जीत दर्ज की। साउथ अफ्रीका ने एक दिन में ही ऑस्ट्रेलिया से बादशाहत छीन ली। ऑस्ट्रेलियाई टीम रविवार को भारत को दूसरे टेस्ट में 10 विकेट से हराकर टॉप पर पहुंची थी। साउथ अफ्रीका 63.33 प्रतिशत अंकों के साथ शीर्ष पर है। उसने श्रीलंका का दो टेस्ट की घेरलू सीरीज में सूपड़ा साफ किया। साउथ अफ्रीका ने पहला मैच 233 रन से जीता था।

साउथ अफ्रीकी टीम की जीत से टीम इंडिया का सिरदर्द बढ़ गया है। ऑस्टेलिया फिलहाल 60.71 अंकों के साथ दूसरे स्थान पर है। वहीं, रोहित शर्मा की कप्तानी




वाली भारतीय टीम एडिलेड में हार के बाद तीसरे स्थान पर खिसक चुकी है। भारत के 57.29 प्रतिशत अंक है। भारत की डब्ल्यूटीसी फाइनल की राह अब और दुश्वार हो गई है। भारत को खिताबी मुकाबले में पहुंचने के लिए टॉप-2 में रहना जरूरी है। अगर भारत को सीधे फाइनल में पहुंचना है, तो ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ पांच मैचों की टेस्ट सीरीज के बचे तीन मुकाबलों को जीतना होगा।

श्रीलंका चौथे स्थान पर बरकरारः श्रीलंकाई टीम डब्ल्यूटीसी प्वाइंट्स टेबल में चौथे स्थान पर बरकरार है। श्रीलंका के अंक घटकर 45.45 हो गए हैं। इंग्लैंड पांचवें पायदान पर है और उसके खाते में 45.24 प्रतिशत अंक हैं। इंग्लैंड ने न्यूजीलैंड के खिलाफ जारी तीन मैचों की टेस्ट सीरीज में अजेय बढ़त बना रखी है। इंग्लैंड ने पहला टेस्ट आठ विकेट, जबकि दूसरा 323 रन से जीता। न्यूजीलैंड छठे (44.23) पायदान पर है। उसके बाद पाकिस्तान (33.33), बांग्लादेश (31.25) और वेस्टइंडीज (24.24) का नंबर है।

एक हार से बिगड़ेगा समीकरणः भारत को यदि ऑस्ट्रेलिया से एक भी मैच में हार मिली, तो समीकरण काफी बिगड़ सकते हैं। साथ ही अन्य टीमों के नतीजों पर भी निर्भर रहना पड़ सकता है। दरअसल, भारतीय टीम वर्ल्ड टेस्ट चैंपियनशिप 2023-25 चक्र की अपनी आखिरी सीरीज खेल रही है। दूसरी ओर, ऑस्ट्रेलिया को भारत के बाद श्रीलंकाई सरजमीं पर दो टेस्ट खेलने हैं। अफ्रीका को मौजूदा चक्र में पाक के विरुद्ध दो टेस्ट में उतरना है। ऐसे में ऑस्ट्रेलिया या अफ्रीका की बाद में फाइनल में पहुंचने की संभावना रहेगी, लेकिन रोहित ब्रिगेड को फिर चांस नहीं मिलने वाला।

न्यूज ब्रीफ



## सत्ता परिवर्तन होते ही सीरिया पर इजरायल का बड़ा अटैक, 250 से अधिक ठिकानों को बनाया निशाना

**दमिश्कः** सीरिया में सत्ता परिवर्तन होने के बाद से इजरायली वायु सेना ने पिछले दो दिनों में 250 से अधिक सैन्य ठिकानों पर हमला किया है, जिनमें सैन्य अड्डे, दर्जनों लड़ाकू विमान और हेलीकॉप्टर, विमान भेदी मिसाइल प्रणाली और मिसाइलों वाले गोदाम शामिल हैं। यह जानकारी इजरायली आर्मी रेडियो ने एक स्त्रोत का हवाला देते हुए दी। रिपोर्ट में कहा गया कि यह इजरायली वायु सेना के इतिहास में सबसे बड़े आक्रामक अभियानों में से एक था। सीरियाई सशस्त्र विपक्षी समूहों ने रविवार को दमिश्क पर कब्जा कर लिया। सीरिया के प्रधानमंत्री मोहम्मद गाजी अल-जलाली ने कहा कि उन्होंने और 18 अन्य मंत्रियों ने राजधानी में रहने का निर्णय लिया है। जलाली ने यह भी कहा कि वह शहर में प्रवेश कर चुके उग्रवादी समूहों के नेताओं के संपर्क में हैं। रूसी विदेश मंत्रालय ने कहा कि सीरियाई संघर्ष में कुछ प्रतिभागियों के साथ बातचीत के बाद सीरिया के राष्ट्रपति बशर अल-असद ने पद और देश छोड़ दिया।

## हिंदुओं पर हमले बंद होने चाहिएः महमूद असद मदनी

**पटनाः** लहरा चौक मैदान में रविवार को जमीयत की ओर से इजलास-ए-आम सम्मेलन का आयोजन हुआ। इस दौरान जमीयत से जुड़े बिहार और बंगाल के अलग-अलग जिलों से भारी संख्या में लोग पहुंचे। इस कार्यक्रम में संभल में हुई हिंसा और वक्फ संशोधन विधेयक को लेकर उलेमाओं ने आक्रोश जताया। जमीयत उलेमा-ए-हिंद के अध्यक्ष महमूद असद मदनी ने अपने लोगों से अपील करते हुए कहा कि हिंदुओं पर हमला बंद होना चाहिए। कोई मुसलमान अगर गैर मुस्लिम के साथ गलत व्यवहार करे तो यह बहुत बड़ा अन्याय है। बांग्लादेश में जो घटनाएं हो रही हैं वो निंदनीय हैं। असद मदनी ने कहा कि यह इस्लाम का विरोध है। इस्लाम ऐसा नहीं सिखाता। मदनी ने कहा कि वे बांग्लादेश ही नहीं बल्कि सभी मुल्कों से यह अपील करेंगे कि अपने यहां रहने वाले अल्पसंख्यकों की सुरक्षा करें और उनका सम्मान करें। उन्होंने कहा कि राजनीतिक लाभ के लिए देश के सौहार्द को बिगाड़ने की हर मुमकिन कोशिश की जा रही है जो कि नहीं होना चाहिए। मदनी ने आगे कहा कि सरकार वक्फ कानून बनाकर मुसलमानों की संपत्ति को जब्त करना चाहती जिसे नहीं होने दिया जाएगा। कार्यक्रम में कांग्रेस सांसद डॉ जावेद आजाद, विधायक अंजार नईमी, विधायक सऊद आलम, इजहार अस्फी सहित अन्य लोग मौजूद थे।

## संजय मल्होत्रा होंगे आरबीआई के नये गवर्नर, शक्तिकांत दास की लेंगे जगह



**नई दिल्लीः** राजस्व सचिव संजय मल्होत्रा को आरबीआई का नया गवर्नर नियुक्त किया गया है। मल्होत्रा अब शक्तिकांत दास की जगह लेंगे। बता दें कि शक्तिकांत दास का कार्यकाल 10 दिसंबर को पूरा हो रहा है। ऐसे में अब संजय मल्होत्रा फ्क्क के 26वें गवर्नर होंगे। उनका कार्यकाल तीन वर्षों का होगा। यह कार्यकाल 11 दिसंबर, 2024 से प्रभावी होगा। संजय मल्होत्रा वर्तमान में वित्त मंत्रालय में सचिव पद पर कार्यरत हैं और उनके पास वित्तीय प्रबंधन और नीतिगत मामलों में गहरा अनुभव है।

## सीएम नीतीश ने बीईयू के प्रथम दीक्षांत समारोह में विद्यार्थियों को किया सम्मानित



**पटनाः** सीएम नीतीश कुमार ने बिहार इंजीनियरिंग यूनिवर्सिटी के प्रथम दीक्षांत समारोह का शुभारंभ किया। समारोह में मुख्यमंत्री ने इंजीनियरिंग परीक्षा में अव्वल आने वाले विद्यार्थियों को डिग्री, मेडल एवं लैपटॉप प्रदान कर उन्हें सम्मानित किया। इस दौरान मुख्यमंत्री ने बिहार अभियंत्रण विश्वविद्यालय के पुस्तक का विमोचन किया। मुख्यमंत्री ने सम्मानित होनेवाले छात्रों को बधाई एवं शुभकामनायें देते हुए उनके उज्वल भविष्य की कामना की। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की यह परिकल्पना थी कि राज्य में अलग से एक स्वतंत्र अभियंत्रण विश्वविद्यालय की स्थापना की जाये ताकि पठन-पाठन का सत्र नियमित रूप से होने के साथ-साथ तकनीकी शिक्षा की गुणवत्ता में भी सुधार हो सके। इसको ध्यान में रखते हुए मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के नेतृत्व में बिहार अभियंत्रण विश्वविद्यालय की स्थापना की गयी है। विज्ञान प्रावैधिकी एवं तकनीकी शिक्षा विभाग द्वारा तकनीकी शिक्षा को बढ़ावा देने के लिए हरसंभव प्रयास किया जा रहा है। प्रत्येक अभियंत्रण महाविद्यालय में उच्चस्तरीय आधारभूत संरचना, उच्च गुणवत्ता के प्रयोगशाला, वर्कशॉप एवं स्मार्ट क्लासरूम का निर्माण किया जा रहा है। मुख्यमंत्री की सोच के अनुरूप अभियंत्रण महाविद्यालय को पूर्ण रूप से आवासीय बनाया जा रहा है जहां छात्रावास एवं शिक्षकों के लिए आवास का निर्माण कराया जा रहा है। अभियंत्रण महाविद्यालयों में गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्रदान करने एवं विभिन्न प्रकार की नयी-नयी तकनीकों का प्रशिक्षण भी दिया जाता है। छात्रों के सर्वांगीण विकास के लिए पढ़ाई के साथ-साथ खेलकूद, योग प्रशिक्षण एवं मानसिक स्वास्थ्य पर भी ध्यान दिया जा रहा है। सरकार के इन सकारात्मक प्रयासों का असर छात्रों के नियोजन पर पड़ा है। बड़ी संख्या में छात्र-छात्राओं का नियोजन अच्छे-अच्छे संस्थानों में हो रही है।

# किसानों से आवाज उठाने का अधिकार भी छीन रही मोदी सरकारः खडगे



**नई दिल्लीः** कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खडगे ने एक बार फिर केंद्र पर निशाना साधा। उन्होंने सोमवार को कहा कि किसान न्याय की गुहार लगा रहे हैं क्योंकि मोदी सरकार ने उन्हें बार-बार धोखा दिया है। साथ ही जोर देकर यह भी कहा कि किसानों से उनकी आवाज उठाने का अधिकार नहीं छीना जाना चाहिए। उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से पूछा कि किसान को बार-बार क्यों न्याय के लिए दिल्ली की दहलीज पर आना पड़ रहा है। खडगे ने सोशल मीडिया मंच एक्स पर कहा कि जब हरियाणा व राजस्थान के दौरे पर होंगे, तो मुझे उम्मीद है कि आप अन्न उपलब्ध कराने वाले किसान की जद्दोजहद को समझने की कोशिश जरूर करेंगे।

किसान न्याय की गुहार इसलिए लगा रहे हैं , क्योंकि बार-बार आपकी सरकार ने उन्हें धोखा दिया है। उन्होंने केंद्र सरकार पर निशाना साधते हुए कहा कि 2022 तक किसानों की आय दोगुनी न करने का धोखा, स्वामीनाथन रिपोर्ट के अनुसार इनपुट लागत प्लस 50 फीसदी एमएसपी लागू न करने का धोखा और एमएसपी को कानूनी दर्जा देने के लिए एक समिति बनाने, लेकिन उस पर कार्रवाई न करने का धोखा। उन्होंने आगे कहा कि न पर्याप्त खरीदी, न उचित दाम, न कानूनी गारंटी का इंतजाम, ऊपर से खाद-डीएपी व उर्वरकों की भारी किल्लत से किसान परेशान ! आपने किसानों की राह पर कंटीले तारों का जाल बिछाया, फिर से दिल्ली बॉर्डर को छावनी बनाया, आंसू गैस से उनकी शांतिपूर्ण कूच को रोकने का प्रयास किया। इससे पहले उन पर रबर बुलेट दागे और लाठियां बरसाईं। कांग्रेस नेता ने केंद्र पर हमला बोलते हुए कहा कि यही नहीं, संसद में आपने खुद किसानों पर आंदोलनजीवी और परजीवी की अपमानजनक टिप्पणी की। उन्होंने अंत में कहा कि किसानों से उनके आवाज उठाने का हक मत छीनिए, उनके साथ अन्याय मत कीजिए।

### शंभू और खनौरी बॉर्डर पर तनावपूर्ण शांति, कुंडली व टीकरी में जबरदस्त पहरा, पुलिस ने लगाये तंबू

**रोहतक/करनाल/सिरसा :** किसानों का दिल्ली कूच टलने के बाद हरियाणा-पंजाब बॉर्डर पर सिर्फ पंजाब की तरफ ही आंदोलन का रुख दिखा जबकि हरियाणा की तरफ शांति रही। हालांकि जींद, कैथल, फतेहाबाद और सिरसा में पुलिस एहतियातन सतर्क रही।

वहीं, अंबाला में शंभू बॉर्डर दिनभर बैठक चलती रही इसके बाद किसान नेता खनौरी बॉर्डर के लिए रवाना हुए। सोमवार को खनौरी बॉर्डर पर धरना शांतिपूर्ण ढंग से चला। जींद जिले की सीमा पर हरियाणा की तरफ आंदोलन का प्रभाव नहीं रहा। किसान नेता जगजीत सिंह डल्लेवाल का आमरण अनशन जारी रहा लेकिन उनकी लगातार सेहत बिगड़ रही है। बहादुरगढ़ में टिकरी बॉर्डर पर सुरक्षा व्यवस्था कड़ी है। दिल्ली और बहादुरगढ़ पुलिस प्रशासन के अधिकारी लगातार स्थिति का जायजा ले रहे हैं। टिकरी बॉर्डर पर तीन दिन पहले ही यहां पर लोहे के बैरिकेड, कंटेनर लाकर रख दिए गए थे। कट्टों में भरकर मिट्टी रखी गई है। दिल्ली पुलिस ने 8 तंबू लगाए हैं। इनमें एक होटल की छत पर लगाया है। सीआरपीएफ, बीएसएफ और आरएएफ की कंपनी तैनात कर दी गई है। दिल्ली पुलिस के जवान भी टिकरी बॉर्डर पर तैनात हैं। वहीं, सेक्टर-9 मोड़ बहादुरगढ़ में पुलिस ने दो दिन पहले लोहे के बैरिकेड रखवा दिए थे। फिलहाल हालात सामान्य है। दिल्ली और हरियाणा में वाहनों का आवागमन आसानी से हो रहा है। वहीं, सोनीपत जिले के कुंडली बॉर्डर पर हालात सामान्य हैं।

### नौसेना को मिला समंदर का योद्धा

## रूस ने भारत को सौंपा ताकतवर युद्धपोत आईएनएस तुशिल




**एजेंसी/ मास्कोः** समंदर का एक अत्याधुनिक और ताकतवर योद्धा सोमवार को नौसेना में शामिल हो गया। भारतीय नौसेना के लिए रूस में बनाए गए युद्धपोत आईएनएस तुशिल का सोमवार को रूस के तटीय शहर कलिनिनग्राद में जलावतरण किया गया। राडार से बचने में सक्षम और गाइडेड मिसाइल क्षमता से लैस इस युद्धपोत के जलावतरण से पड़ोसी देश चीन के माथे पर चिंता की लकीरें खिंच गई हैं, क्योंकि इससे हिंद महासागर में भारत की नौसैनिक क्षमता काफी मजबूत हो गई है। आईएनएस तुशिल के जलावतरण समारोह में रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह, नौ सेना प्रमुख एडमिरल दिनेश के। त्रिपाठी और कई अन्य वरिष्ठ भारतीय अधिकारी मौजूद थे। इस नए युद्धपोत के आने से समंदर में हिंदुस्तान की ताकत और बढ़ गई है। आईएनएस तुशिल ऐसी घातक मिसाइलों से लैस है जो दुश्मन के खेमे में खलबली मचा सकती हैं। रक्षा मंत्री ने आईएनएस तुशिल के जलावतरण को भारत की बढ़ती समुद्री ताकत का गौरवपूर्ण प्रमाण बताया। उन्होंने कहा कि भारत, रूस एआई, आतंकवाद-रोधी जैसे क्षेत्रों में एक-दूसरे की विशेषज्ञता का लाभ उठाकर सहयोग के नए युग में प्रवेश करेंगे। एक बार ईंधन से 30 दिन चलने की क्षमताः आईएनएस तुशिल एक बार ईंधन से लैस होने के बाद यह 30 दिन तक 180 नौसेनिकों के साथ चलने की क्षमता रखता है। यही वजह है कि समुद्र में इसकी तैनाती से भारत को रक्षा कवर की तरह सुरक्षा मिलेगी।

### ढाका पहुंचे विदेश सचिव की बांग्लादेश को दोटूक

## पहले हिंदुओं की रक्षा और धर्मस्थलों की सुरक्षा तय करें



**एजेंसी/ ढाकाः** पड़ोसी देश बांग्लादेश में अल्पसंख्यक हिंदुओं पर बढ़ते हमलों के बीच पहली बार विदेश सचिव विक्रम मिस्त्री बातचीत के लिए ढाका पहुंचे हैं। ढाका पहुंचते ही उन्होंने बांग्लादेश को दोटूक लहजे में कहा है कि सबसे पहले हिंदुओं और अन्य अल्पसंख्यकों की रक्षा और उनके धार्मिक स्थलों की सुरक्षा तय करनी होगी। उन्होंने अपने समकक्ष के सामने सख्ती से यह मुद्दा उठाया। विदेश सचिव मिस्त्री ने बांग्लादेश के विदेश सलाहकार से कहा कि भारत सकारात्मक, रचनात्मक और साझा हित चाहता है, इसलिए बांग्लादेश को भी उसी तरह का व्यवहार करना चाहिए।

अपनी उच्च स्तरीय बैठक के बाद मीडिया से बात करते हुए मिस्त्री ने कहा कि मैंने आज बांग्लादेश प्राधिकरण की अंतरिम सरकार के साथ मिलकर काम करने की भारत की इच्छा को रेखांकित किया है। दोनों देशों के संबंधों में आए तनाव के बीच विदेश सचिव विक्रम मिसरी ने सोमवार को ढाका में अपने बांग्लादेशी समकक्ष मोहम्मद जशीमुद्दीन के साथ बैठक की। अगस्त में प्रधानमंत्री शेख हसीना की सरकार के अपदस्थ होने के बाद भारत की ओर से यह पहला उच्च-स्तरीय दौरा है।

## कर्नाटक के पूर्व सीएम एसएम कृष्णा का लंबी बीमारी के बाद निधन,8




### 92 साल की उम्र में ली अंतिम सांस

**नई दिल्लीः** कर्नाटक के पूर्व मुख्यमंत्री और कद्दावर कांग्रेस नेता रहे एसएम कृष्णा का मंगलवार सुबह उनके आवास पर निधन हो गया। वे 92 साल के थे। उनके परिवार ने यह जानकारी दी। सूत्रों के मुताबिक, वरिष्ठ राजनेता काफी समय से बीमार थे। उनके निधन पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, आंध्र प्रदेश के मुख्यमंत्री एन। चंद्रबाबू नायडू, कर्नाटक में मंत्री प्रियांक खरगे समेत कई दिग्गत नेताओं ने शोक व्यक्त किया है।

देर रात हुआ निधनः पारिवारिक सूत्र के मुताबिक कृष्णा ने अपने आवास पर मंगलवार तड़के 2:45 बजे अंतिम सांस ली। उनके पार्थिव शरीर को आज मद्दुर ले जाए जाने की संभावना है।

आंध्र के सीएम ने जताया दुखः सीएम नायडू ने कहा कि कर्नाटक के पूर्व मुख्यमंत्री एसएम कृष्णा गारू के निधन के बारे में सुनकर मुझे बहुत दुख हुआ। हमारी दोस्ती हमारे संबंधित राज्यों में निवेश आकर्षित करने में हमारी प्रतिस्पर्धात्मक भावना से कहीं बढ़कर थी। वह एक सच्चे नेता थे, जिन्होंने हमेशा अपने लोगों के कल्याण को प्राथमिकता दी। इस कठिन समय में मैं उनके परिवार और दोस्तों के प्रति अपनी हार्दिक संवेदना व्यक्त करता हूं।

### किरेन रिजिजू का राहुल गांधी पर जोरदार हमला

## 'बस तमाशा करना और छुट्टियां मनाने विदेश जाना है'



**नई दिल्लीः** केंद्रीय मंत्री किरेन रिजिजू ने मंगलवार को एक बार फिर कांग्रेस पर हमला बोला। उन्होंने लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी पर तमाशा करने का आरोप लगाया। बता दें, कांग्रेस लगातार अदाणी मामले को लेकर संसद के अंदर और बाहर विरोध-प्रदर्शन कर रही है। इसी को लेकर भाजपा नेता ने राहुल की आलोचना की।

'राहुल गांधी को तमाशा करना आता है': रिजिजू ने राहुल गांधी की आलोचना की और उनकी विदेश छुट्टियों पर तंज कसा। केंद्रीय मंत्री ने सोशल मीडिया मंच एक्स पर कहा, 'राहुल गांधी को तमाशा करने और प्रधानमंत्री को गाली देने में आनंद आता है। मगर, अन्य सांसदों की भी उन लोगों के प्रति जिम्मेदारी है, जिन्होंने उन्हें चुना है। उन्हें बस यहां तमाशा करना है और फिर अपनी छुट्टियों का आनंद लेने के लिए विदेश जाना है।'

कांग्रेस नेता को लोगों की समस्याओं की परवाह नहींः इतना ही नहीं उन्होंने संसद के बाहर राहुल गांधी के विरोध प्रदर्शन का वीडियो भी पोस्ट किया। केंद्रीय मंत्री ने कहा कि कांग्रेस नेता को लोगों की समस्याओं की परवाह नहीं है, क्योंकि उनके पास खोने के लिए कुछ भी नहीं है। उन्होंने आगे कहा, 'समाजवादी पार्टी, टीएमसी, राज्यसभा में सभी कांग्रेस सांसद, लोकसभा में कुछ कांग्रेस सांसद और कई पार्टी सांसद वास्तव में संसद की बहस और चर्चा में भाग लेने के इच्छुक हैं। राहुल गांधी जी के पास खोने के लिए कुछ भी नहीं है क्योंकि वह लोगों के दर्द और समस्या को महसूस नहीं कर सकते हैं, लेकिन अन्य सांसद करते हैं !'

यह पार्टियां नहीं ले रहीं विरोध-प्रदर्शन में भागः बता दें, तृणमूल कांग्रेस पार्टी (टीएमसी) और समाजवादी पार्टी के सदस्य इस विरोध प्रदर्शन में शामिल नहीं हो रहे हैं। राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (एनसीपी-एसपी) की सांसद सुप्रिया सुले भी सोमवार को हुए विरोध प्रदर्शन में मौजूद नहीं थीं। इससे पहले छह दिसंबर को विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पर कटाक्ष करते हुए कहा था कि उन्हें संसद के शीतकालीन सत्र में भाग लेना चाहिए और अदाणी पर जांच से 'डरना' नहीं चाहिए।

बता दें, शीतकालीन संसद का पहला सत्र 25 नवंबर को शुरू हुआ था, जिसमें व्यवधानों के कारण दोनों सदनों की कार्यवाही सही तरीके से नहीं चल पा रही है। शीतकालीन सत्र 20 दिसंबर तक चलेगा।

# काशी विश्वनाथ धाम : शनिवार-रविवार को बाबा के दरबार में सावन सी भीड़

### लोकार्पण के बाद 19।36 करोड़ ने किए दर्शन

**वाराणसीः** काशी विश्वनाथ धाम में श्रद्धालुओं की भीड़ अब सामान्य बात हो गई है। सप्ताह के आखिरी दिनों में बाबा के धाम में सावन की तरह भीड़ लग रही है। मंगला आरती से भोग आरती के बाद तक भीड़ का दबाव सबसे अधिक रहता है तो वहीं शाम को सप्तर्षि आरती तक श्रद्धालुओं की कतार लगी रहती है।

काशी विश्वनाथ धाम में श्रद्धालुओं की संख्या अब नया रिकॉर्ड बना रही है। पिछले साल के मुकाबले श्रद्धालुओं की संख्या में 49 फीसदी से ज्यादा की बढ़ोतरी हुई है। शनिवार और



रविवार को श्री काशी विश्वनाथ मंदिर में श्रद्धालुओं की भीड़ सबसे अधिक हो रही है। मंगला आरती के बाद से दर्शन पूजन का सिलसिला शयन आरती तक चल रहा है।

**भक्तों के आंकड़ेः** औसत आंकड़ों की बात करें तो सप्ताहांत में दो लाख से अधिक श्रद्धालु धाम पहुंच रहे हैं। नवंबर माह के आंकड़ों पर गौर करें तो पिछले 9 शनिवार और रविवार को 19 लाख से अधिक श्रद्धालुओं ने बाबा विश्वनाथ के दर्शन किए। दिसंबर माह की शुरूआत में एक दिसंबर को 1।75 लाख से अधिक श्रद्धालुओं ने दर्शन किए तो वहीं सात और आठ दिसंबर को 3।85 लाख श्रद्धालुओं ने दर्शन किए थे।

सप्ताह के अंत में पहुंच रहे डेढ़ से दो लाख श्रद्धालुः काशी विश्वनाथ धाम के लोकार्पण के बाद 13 दिसंबर 2021 से नवंबर 2024 तक 19।36 करोड़ शिवभक्त दर्शन पूजन कर चुके हैं। एसडीएम शंभूशरण ने बताया कि सप्ताह के अंत में डेढ़ से दो लाख श्रद्धालु दर्शन के लिए पहुंच रहे हैं। धाम के निर्माण के बाद श्रद्धालुओं की सुविधा में इजाफा हुआ है जिससे देश ही नहीं दुनिया भर से श्रद्धालु बाबा के दर्शन के लिए पहुंच रहे हैं।

# आईआईटी धनबाद देश के शैक्षिक और औद्योगिक विकास का दर्पण है : राज्यपाल




**मेट्रो रेज संवाददाता**

**धनबाद :** झारखंड के राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार ने कहा कि आईआईटी (आईएसएम) न केवल शिक्षा का केंद्र है, बल्कि यह एक ऐसी परंपरा का प्रतीक है, जिसने ज्ञान, नवाचार और राष्ट्रीय सेवा के मूल्यों को साकार किया है। उन्होंने संस्थान के गौरवशाली इतिहास का उल्लेख करते हुए कहा कि इसकी स्थापना 1926 में खनन और प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में क्रांति लाने के उद्देश्य से की गयी थी। यह संस्थान देश के शैक्षिक एवं औद्योगिक विकास का दर्पण है और आज यह अपनी विशिष्ट पहचान बना चुका है। वह सोमवार को आईआईटी (आईएसएम), धनबाद के 99वें स्थापना दिवस समारोह में बतौर मुख्य अतिथि अपने उद्गार व्यक्त कर रहे थे।

यहां के छात्रों का समज व राष्ट्र के निर्माण में अमूल्य योगदान

उन्होंने कहा कि आज जब हमारा देश प्रधानमंत्री के नेतृत्व में विश्व की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनने की दिशा में तेजी से अग्रसर है, तो आईआईटी (आईएसएम) जैसे संस्थानों की भूमिका और भी अहम हो जाती है। यहां से पढ़े विद्यार्थियों ने न केवल शैक्षिक उपलब्धियां हासिल की हैं, बल्कि समाज और राष्ट्र के निर्माण में भी अपना अमूल्य योगदान दिया है। राज्यपाल ने संस्थान के योगदान की सराहना करते हुए कहा कि आईआईटी (आईएसएम) केवल तकनीकी और अकादमिक सफलता की कहानी नहीं है, बल्कि यह नवाचार, उद्यमशीलता और सामाजिक बदलाव की प्रेरणा भी है। राज्यपाल ने विद्यार्थियों से आह्वान किया कि वे अपनी शिक्षा का उपयोग केवल व्यक्तिगत सफलता तक सीमित न रखें और समाज और राष्ट्र की सेवा में अपना योगदान दें।

छात्र सामाजिक समस्याओं को समझें, करें समाधान

राज्यपाल ने विद्यार्थियों से कहा कि आपका दायित्व है कि आप सामाजिक समस्याओं को समझें, उनके समाधान के लिए कार्य करें। एक विकसित भारत तभी संभव होगा जब हम सभी अपनी जिम्मेदारियों को पूरी निष्ठा से निभायें। राज्यपाल ने संपूर्ण आईआईटी (आईएसएम), धनबाद परिवार को स्थापना दिवस की बधाई दी। संस्थान का डिजिटल कैलेंडर लांच राज्यपाल ने आशा व्यक्त की कि यह संस्थान अपने ज्ञान, नवाचार और सेवा की परंपरा को जारी रखते हुए विकसित भारत 2047 के लक्ष्य प्राप्ति में अहम भूमिका अदा करेगा। उन्होंने कहा कि आईआईटी (आईएसएम), धनबाद अपने आगामी वर्षों में और भी तेजी से आगे बढ़ते हुए वैश्विक स्तर पर अपने योगदान से विश्व में अपनी विशिष्ट पहचान बनायेगा। राज्यपाल द्वारा संस्थान का डिजिटल कैलेंडर भी लांच किया गया।

## न्यूज ब्रीफ

### फार्मेसी छात्रों ने मनाया फ्रेशर डे, आकाश और सानिया बने मिस्टर और मिस फ्रेशर



**मांडर।** भारथी कॉलेज ऑफ फामेर्सी में सोमवार को फ्रेशर डे का आयोजन बड़े उत्साह और धूमधाम के साथ संपन्न हुआ। इस कार्यक्रम में फार्मेसी विभाग के छात्रों ने अपनी रंगारंग प्रस्तुतियों से सभी का मन मोह लिया। कार्यक्रम का मुख्य आकर्षण मिस्टर और मिस फ्रेशर का चुनाव रहा। कड़ी प्रतिस्पर्धा के बाद आकाश कुमार रंजन को मिस्टर फ्रेशर और सानिया फिरोज को मिस फ्रेशर के खिताब से सम्मानित किया गया।

कॉलेज के डायरेक्टर श्री उपेंद्र उपाध्याय ने छात्रों को संबोधित करते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दीं। उन्होंने छात्रों को अपने लक्ष्यों पर केंद्रित रहने और कॉलेज के मंच का उपयोग अपनी प्रतिभा को निखारने के लिए प्रेरित किया।

इस अवसर पर कॉलेज के एजुकेशनल सेक्रेटरी दीपाली पाराशर, सेक्रेटरी नितिन पाराशर, फामेर्सी विभाग के प्रिंसिपल विवेक कुमार, हेड ऑफ डिपार्टमेंट कुमार संकेत, और बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं उपस्थित थे।

कार्यक्रम ने न केवल नए छात्रों का गर्मजोशी से स्वागत किया, बल्कि उनकी रचनात्मकता और ऊर्जा को भी उजागर किया। कॉलेज प्रशासन ने कहा कि इस प्रकार के आयोजन छात्रों के सर्वांगीण विकास के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण हैं।

### डोमचांच में व्यवसायी के घर नकाबपोश अपराधियों ने की गोलीबारी, दहशत



**कोडरमा।** डोमचांच थाना से महज एक किलोमीटर दूर नगर क्षेत्र स्थित एक व्यवसाई के घर में नकाबपोश अपराधियों ने धावा बोला और गोलीबारी की घटना को अंजाम देने से हड़कंप मच गया। गिरिडीह रोड निवासी रोहित कुमार मेहता पिता युवराज मेहता ग्राम डोमचांच ने डरे सहमे डोमचांच थाना प्रभारी प्रेम कुमार को आवेदन देकर बताया कि दिनांक 7 दिसंबर 2024 को मध्य करीब 12 बज के 40 मिनट पर घर के बगल निमार्णाधीन आवास का सहारा लेकर मेरे घर के छत में 6 अज्ञात नकाबपोश हथियारों से लैस लोग घुसकर दरवाजा तोड़ने लगा। ओर हथियार से लैस मोटे रस्सी के सहारे घर घुसने का प्रयास किया। और मुझे गाली गलोज करने लगा और कहा साला अभी तुमको गोली मार देगें, तुम बहुत बडा नेता हो गया है. इस दौरान मैं हल्ला करने लगा तभी वो लोग हवाई फायरिंग करते हुए भागने लगा और बोला को आज तो तुम बच गया लेकिन तुमको छोड़ेंगे नहीं पीड़ित ने से प्रशाशन से अनुरोध किया है कि उचित छान बीन करते हुए अपराधियों को पकड़ा जाय, और मेरी जान माल की सुरक्षा प्रदान किया जाय। मिली जानकारी के अनुसार गोलीबारी की घटना से भयभीत पीड़ित परिवार ने डोमचांच पुलिस को सूचना दिया तो घटना के 40 मिनट के बाद घटनास्थल पर पुलिस पहुंची। 9 दिसंबर की शाम लगभग 4 बजे कोडरमा जिले के टैक्निकल सेल पुलिस टीम पहुंची और घटना के बारे में विस्तृत जानकारी ली और सीसी टीवी फुटेज भी खंगाली और जांच हेतु सीसी टीवी फुटेज ओर फोटो साथ ले गई है। इस वारदात से पीड़ित परिवार डरे ओर सहमे हुए है। मौके पर डोमचांच थाना एसआई अजीत महतो और टैक्निकल सेल पुलिस मौजूद थे।

### नीमडीह प्रखंड के खिलाड़ियों ने जीते दो गोल्ड, दो सिल्वर व एक ब्रॉन्ज

**सरायकेला :** पांचवी नेशनल शोरिन रियु ओपन कराटे प्रतियोगिता में नीमडीह प्रखंड क्षेत्र के खिलाड़ियों ने दमदार खेल का प्रदर्शन करते हुए अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाया। जमशेदपुर के मानगो मून सिटी में आयोजित प्रतियोगिता में नीमडीह प्रखंड के खिलाड़ियों ने कुल पांच पदक अपने नाम किया। इनमें दो प्रतिभागी ने गोल्ड, दो ने सिल्वर और एक ने ब्रॉन्ज मेडल पर कब्जा किया है।

प्रतियोगिता में नीमडीह प्रखंड अंतर्गत रघुनाथपुर निवासी राम गोप ने गोल्ड, सीमा गांव के निवासी सुमन प्रमाणिक ने गोल्ड व सिल्वर मेडल जीता है। वहीं बुरुडीह निवासी राजकुमार टुडू ने सिल्वर व ब्रॉन्ज मेडल जीता है। प्रतियोगिता में झारखंड, पश्चिम बंगाल, बिहार व ओडिशा के कुल 250 प्रतिभागी शामिल हुए।

उक्त प्रतियोगिता में तीनों प्रतिभागी कायो आशिकान कराटे डो के मुख्य निदेशक गोपाल कृष्ण बनर्जी व प्रशिक्षक पशुपति महतो के मार्गदर्शन में शामिल हुए। गोपाल कृष्ण बनर्जी ने कहा कि पारंपरिक कराटे का उद्देश्य लड़ाई की तकनीकों में प्रशिक्षण के माध्यम से संतुलित मन और शरीर का विकास करना है।

### नक्सलियों की साजिश नाकाम, बम बरामद

**चाईबासा:** चाईबासा पुलिस ने एक बार फिर नक्सलियों के मंसूबों पर पानी फेर दिया है। सर्च ऑपरेशन के दौरान आज सोमवार को टोंटो थाना क्षेत्र के चिड़ियाबेड़ा स्थित जंगल क्षेत्र से पुलिस ने एक आईईडी बम बरामद किया है। कोल्हान के जंगल में भाकपा माओवादी संगठन के शीर्ष नेता मिसिर बेसरा, अनमोल, मोछु, चमन, कांडे, अजय महतो, सागेन अंगरिया, अश्विन अपने दस्ता सदस्यों के साथ विध्वंसक गतिविधि के लिए भ्रमणशील है। इस सूचना पर चाईबासा पुलिस, कोबरा बटालियन और सीआरपीएफ के द्वारा एक संयुक्त अभियान दल गठित कर लगातार अभियान संचालित किया जा रहा है। बरामद आईईडी सुरक्षा के दृष्टिकोण से उसी स्थान पर बम निरोधक दस्ता के सहायता से नष्ट किया गया।

### छह वाहनों से वसूला गया 49, 500 जुर्माना

**जमशेदपुर :** जिले के बहरागोड़ा एवं बरसोल में सोमवार को ओवर लोडिंग वाहनों के खिलाफ चलाए गए जांच अभियान में छह वाहनों से ?49, 500 जुर्माना वसूला गया जबकि एक बस को जब्त कर थाने को सौंप दिया गया। जांच अभियान का नेतृत्व जिला परिवहन पदाधिकारी धनंजय ने किया। अभियान में जिला मोटर यान निरीक्षक सूरज हेंब्रम भी शामिल थे। जिला प्रशासन की ओर से जारी विज्ञप्ति के अनुसार उपायुक्त अनन्य मित्तल के निदेर्शानुसार ओवर लोडिंग बसों के खिलाफ जांच अभियान चलाया गया। इस दौरान ओवरलोडिंग और वाहनों के कागजातों की जांच की गयी।

### पीएम नेशनल अप्रेंटिसशिप मेला में 18 अभ्यर्थी शॉर्टलिस्ट

**सरायकेला :** मॉडल करियर सेंटर सह जिला नियोजनालय, सरायकेला-खरसावां के सौजन्य से डिग्री कॉलेज, खरसावां में सोमवार को प्रधानमंत्री नेशनल अप्रेंटिसशिप मेला का आयोजन किया गया। इस मेला में विभिन्न नियोजकों ने 18 अभ्यर्थियों को शॉर्टलिस्ट किया। इस संबंध में जिला नियोजन पदाधिकारी आलोक कुमार टोपनो ने बताया कि उक्त मेला में श्री झारखंड सीमेंट प्लांट, सूरज लोजिस्टिक्स, आरएसबी ट्रांसमिशन, एल्डिका टेक एवं युवा शक्ति फाउंडेशन ने अप्रेंटिसशिप के लिए 18 अभ्यर्थियों को साक्षात्कार के माध्यम से शॉर्टलिस्ट किया। चयनित अभ्यर्थियों को कंपनी 8 से 15 हजार रुपये तक का स्टाइपेंड भुगतान करेगी। साथ ही उन्हें नियमानुसार बस एवं कैंटीन इत्यादि की सुविधा भी प्रदान की जाएगी। उन्होंने जिले के सभी योग्य अभ्यर्थियों से अपील की है कि जिला नियोजनालय नियमित रूप से आयोजित किये जाने वाले रोजगार मेला, भर्ती शिविर व अप्रेंटिसशिप मेला में भाग लें और स्थानीय संस्थानों में रोजगार के अवसर पाएं।

# तम्बाकू में पाया जाने वाला रसायन आने वाली पीढी को बर्बाद कर सकता है : मनोज



**मेट्रो रेज संवाददाता**

**बोकारो :** केन्द्रीय विद्यालय-1 बोकारो में तम्बाकू के दुष्परिणाम विषय पर सेमिनार का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता स्कूल के प्राचार्य श्री मनोज कुमार के द्वारा की गई। जिला परामर्शी मो0 असलम द्वारा सभी बच्चों को तम्बाकू के दुष्परिणाम, तम्बाकू में पाये जाने वाले जहरीले तत्व, तम्बाकू प्रयोग से स्वास्थ्य पर दीर्घ अवधी परिणाम,रीूइ्ल्लर्ि ल्लि रेङ्ग्ी व उससे होने वाले नुकसान, तम्बाकू नशा मुक्ति केन्द्र व तम्बाकू छोडने के उपाय, परामर्शी सेवा लेने की सुविधा, टाल फ्री नम्बर 1800-11-2356 एवं तम्बाकू मुक्त शिक्षण संस्थान के मुख्य बिन्दुओं पर विस्तृत जानकारी दी गई। जिला परामर्शी के अनुसार झारखण्ड के अन्दर 38.9 प्रतिशत लोग तम्बाकू का उपयोग किसी न किसी रूप में करते है जिसमें 59.7 प्रतिशत पुरूष, 17 प्रतिशत महिलायें एवं ॠंङ्की’ ङ्ग४३ँ ळ्ङ्कंङ्ग र४१५ीं८-2019, ॠळर-4 के अनुसार 5.1 प्रतिशत बच्चे ऐसे है जो सिर्फ 13-15 आयु में तम्बाकू का उपयोग करना शुरू कर देते है। स्कूल के प्राचार्य ने सभी बच्चों को बताया तम्बाकू का नशा एक सार्वजनिक स्वास्थ्य मुद्दा है इसको हमारे देश में करोड लोग इस्तेमाल करते है इनमें कमी लाने के लिये हम सबको आगे आना होगा नही तो तम्बाकू में पाया जाने वाला निकोटीन, कार्बन मोनोआक्साईड, टार, बेंजीन आदि रसायनिक गैसें भी हमारे आने वाले पीढी को कितना नुकसान कर सकते है आप अन्दाजा नही लगा सकते। ऐसे मे हम सभी से अनुरोध करना चाहते है कि यदि आप तम्बाकू का उपयोग करते है तो तम्बाकू नशा मुक्ति केन्द्र से सम्पर्क कर तम्बाकू छोड कर तम्बाकू मुक्त समाज का निर्माण करें और बच्चों से अनुरोध है कि यदि आपके माता पिता भी इसका उपयोग करते है तो उन्हें भी तम्बाकू के दुष्प्रभाव के बारे में जानकारी दे। कार्यक्रम में स्कूल के प्राचार्य मनोज कुमार, जिला परामर्शी मो0 असलम तम्बाकू नियंत्रण कार्यक्रम, सोशल वर्कर छोटेलाल दास, विद्यालय के शिक्षक, स्टाफ व बच्चे उपस्थित थे।

# थर्ड जेंडर को भी पारा लिगल वॉलंटियर की जिम्मेदारी सौंपी जाएगी : डालसा सचिव

**मेट्रो रेज संवाददाता**

**जमशेदपुर :** श्रमजीवी महिला समिति की ओर से सोमवार को थर्ड जेंडर के श्रम अधिकार व सम्मान पर एक कार्यशाला का आयोजन किया गया। जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में जिला विधिक सेवा प्राधिकार के सचिव राजेन्द्र प्रसाद, श्रम अधीक्षक अविनाश ठाकुर, विशिष्ट अतिथि एवं हिमाचल प्रदेश क्विर फाउंडेशन के एक्टीविस्ट डॉन हसर, श्रमजीवी महिला समिति के प्रमुख अंजली बोस समेत अन्य मौजूद रहे।

एलजीबीटीक्यू समुदाय को जागरूक करने की दिशा में काम कर रहा है डालसा : राजेन्द्र प्रसाद

कार्यक्रम में उपस्थित एलजीबीटीक्यू समुदाय के लोगों को संबोधित करते हुए डालसा सचिव राजेन्द्र प्रसाद ने कहा कि थर्ड जेंडर को कानूनी मान्यता प्रदान की गई है, साथ ही इस समुदाय को मुख्य धारा में लाने के लिए कई नीतियां एवं योजनाएं क्रियान्वित की जा रही हैं। कानूनी पक्ष रखते हुए उन्होंने कहा कि डालसा इस समुदाय को जागरूक करने की दिशा में काम कर रहा है। उन्होंने मंच से घोषणा की कि थर्ड जेंडर को भी पारा लिगल वॉलंटियर के रूप में जिम्मेदारी सौंपी जाएगी जिससे वे अपने समाज के साथ-साथ आम लोगों को जागरूक कर सकें।

थर्ड जेंडर को श्रम विभाग की योजनाओं से जोड़ा जाएगाः अविनाश ठाकुर

कार्यक्रम में मौजूद श्रम अधीक्षक अविनाश ठाकुर ने थर्ड जेंडर को श्रम विभाग की योजनाओं से जोड़ने की बात कही। साथ ही कहा कि थर्ड जेंडर के बधाई मांगने जैसे काम को श्रम की सूची में शामिल नहीं किया गया है। यह विषय विधायिका के अंतर्गत आता है। समुदाय के बात को सरकार के स्तर तक पहुंचाने का उन्होंने भरोसा दिलाया।

मान-सम्मान के लिए थर्ड जेंडर समुदाय को एकजुट होना होगा

कार्यक्रम के दूसरे सत्र में हिमाचल प्रदेश से आए रिसोर्स पर्सन (एलजीबीटीक्यू एक्टिविस्ट) डॉन हसर ने थर्ड जेंडर समुदाय के कानूनी अधिकार पर प्रकाश डाला साथ ही थर्ड जेंडर के साथ होने वाले भेदभाव, शोषण, दुर्व्यवहार आदि पर विस्तार से चर्चा की। उन्होंने कहा कि जब तक थर्ड जेंडर समुदाय एकजुट नहीं होगा तब तक वह मान-सम्मान से वंचित रहेगा। उन?होंने कहा कि थर्ड जेंडर ईश्वरीय वरदान है, लेकिन ऐसे व्यक्ति के साथ घर में भी भेदभाव बरता जाता है जो गलत है। मान-सम्मान एवं बराबरी का हक अगर घर में मिले तो निश्चय ही बाहरी लोग इसे आसानी से स्वीकार करेंगे। उन्होंने थर्ड जेंडर समुदाय को बेझिझक एक-दूसरे की मदद करने तथा दूसरे समुदाय से मदद लेने के लिए प्रेरित किया।

कार्यक्रम में मौजूद थर्ड जेंडर एवं आम लोग।

इससे पहले श्रमजीवी महिला समिति के जुबिन एकता एवं शुभकामना फाउंडेशन की संजना किन्नर ने स्वागत भाषण दिया जबकि कार्यक्रम का विषय प्रवेश समिति के सचिव पूर्वी पॉल ने कराया। कार्यक्रम के दौरान एलजीबीटीक्यू समुदाय के लोगों ने अतिथि एवं वक्ताओं से विभिन्न विषयों पर सवाल-जवाब किया।

# डीसी ने सड़कों पर स्पीड ब्रेकर लगाने का दिया निर्देश



**सिमडेगाः** उपायुक्तअजय कुमार सिंह एवं पुलिस अधीक्षक सौरभ कुमार की संयुक्त अध्यक्षता में जिला स्तरीय सड़क सुरक्षा समिति की समीक्षात्मक बैठक का आयोजन हुआ।

बैठक के दौरान उपायुक्त ने अक्टूबर एवं नवंबर माह में हुए सड़क दुर्घटनाओं की समीक्षा की । उन्होंने जिले में प्रति माह बढ़ती सड़क दुर्घटनाओं की आंकड़ों को देख, समिति की सभी सदस्यों से जिले में सड़क दुर्घटना को रोकने हेतु विचार- विमर्श किया। तथा आवश्यक कार्य योजना बनाने की बात कहीं। उन्होंने सड़क दुर्घटना में कमी लाने को लेकर सड़कों पर स्पीड ब्रेकर लगाने, सड़क किनारे सूखे पेड़ की कटाई कराने, सड़क किनारे की झाड़ियां की कटाई करने, रिफ्लेक्ट लाइट लगाने, सड़क से सटे विद्युत पोल को हटाने सहित अन्य महत्वपूर्ण दिशा-निर्देश दिये।कार्यपालक अभियंता राष्ट्रीय उच्च पथ को एनएच 143 पर सड़क सुरक्षा से संबंधित दिशा सूचक, स्पीड ब्रेकर लगाने सहित आवश्यक निर्देश दिये। सड़क सुरक्षा को लेकर कम उम्र के बच्चों द्वारा विद्यालय में बाइक लेकर आने पर उसकी जांच कर बाइक जप्त करते हुए विद्यालय के प्रधानाध्यापक पर कार्रवाई करने का निर्देश दिया। इसके अलावा उन्होंने सभी कार्यालय प्रधान को पत्र भेजते हुए कर्मियों द्वारा बिना हेलमेट के ऑफिस आने पर आवश्यक कानूनी कार्रवाई करने की बात कहीं।

उपायुक्त ने क्रिसमस त्योहार के मद्देनजर जिले के शहरी क्षेत्र सहित प्रखंड के चौक चौराहों एवं सभी थाना में 15 दिसंबर 2024 से 25 दिसंबर 2024 तक विशेष रूप से हेलमेट का संघन जांच अभियान चलाने का निर्देश दिया।

उपायुक्त ने हिट एंड रन से संबंधित लंबित मामलों को समीक्षा किया, उन्होंने लंबित सभी मामलों का ससमय निष्पादन सुनिश्चित कराने का निर्देश दिया। साथ ही सड़क दुर्घटना में मृत व्यक्ति के परिजनों को मिलने वाली मुआवजा राशि को समय पर मुहैया कराने की बात कहीं।

पुलिस अधीक्षक ने सड़क सुरक्षा को लेकर शहरी क्षेत्र के सभी चौक चौराहों में पुलिस कर्मी/ट्रैफिक पुलिस की डिपुट करने का निर्देश दिया। साथ ही उन्होंने प्रति माह सभी थानों को सड़क दुर्घटना में दर्ज चार्जशीट से संबंधित रिपोर्ट समय से भेजने का निर्देश दिया।

बैठक में अपर समाहर्ता श्री ज्ञानेन्द्र, सिविल सर्जन डॉ रामदेव पासवान, जिला परिवहन पदाधिकारी श्री संजय कुमार बखला, प्रशासक पदाधिकारी नगर परिषद् श्री समीर बोदरा, सिमडेगा विधायक प्रतिनिधि श्री संतोष कुमार सिंह, सभी अंचलाधिकारी सहित अन्य पदाधिकारी गण व परिवहन कार्यालय के कर्मी गण उपस्थित थे।

### पान दुकान में चोरी, कारोबारियों में रोष

**धनबादः** निरसा में विभिन्न कारोबारियों की बंद दुकानें एक बार फिर से अपराधियों के निशाने पर हैं। रविवार की रात अपराधियों ने शासन बेड़िया मोड़ पर स्थित अशोक मांझी की पान की दुकान में चोरी की। दुकान के ऊपर लगे एस्बेस्टस शीट को तोड़कर चोर अंदर घुसे और दुकान में रखा सारा सामान तथा नगदी लेकर चलते बने। सुबह जब अशोक ने अपनी दुकान खोली तो देखा की दुकान के ऊपर का एस्बेस्टस शीट टूटा हुआ है और गल्ले में रखे लगभग 15-20000 नगदी चोरी कर ली गई है। कुछ कीमती सामान भी दुकान से गायब है। देखते ही देखते आसपास के लोग भी जुट गए और सभी ने चोरी की घटना को देखते हुए पुलिस को इसका जिम्मेवार बताया। बतातें चलें कि एक दिन पूर्व अपराधियों ने मुगमा मोड़ स्थित ज्वेलरी दुकान में भीषण चोरी की घटना को अंजाम दिया था। इस घटना में अपराधियों को करीब 3 लाख की संपत्ति हाथ लगी थी।

अपराधियों के इस रवैये से स्थानीय दुकानदारों में पुलिस के प्रति आक्रोश व्याप्त हो गया है। बाजार वासियों का कहना है कि पुलिस रात्रि गश्ती में डंडी मारी कर रही है, जिसके कारण दुकान-प्रतिष्ठान अपराधियों के निशाने पर हैं। बदमाश बेखौफ होकर गैस कटर से शटर को काटकर चोरी की घटना को अंजाम देते रहे और पुलिस चैन की नींद सोती रही। बता दें कि निरसा में अपराधियों पर कंट्रोल व लोगों की सुरक्षा के लिए 8-10 लोगों का लगा रखा है। मजेदार बात यह कि थानेदार जिन लोगों को क्राइम कंट्रोल के लिए लगा रखा है इतिहास खंगालेंगे तो वे सभी कोयला चोर हैं। इससे यही अंदाजा लगाया जा सकता है कि थानेदार के रडार पर नहीं बल्कि चोर के रडार पर हैं थानेदार।

# लोहरदगा के उपायुक्त के विकास कार्यों को केन्द्रीय मंत्री ने भी सराहा







**बिनय मिश्रा**

लोहरदगा के उपायुक्त प्रसाद कृष्ण वाघमारे के उपायुक्त के रूप में योगदान देने के पश्चात लोहरदगा जिला में व्यापक विकास कार्यों के साथ-साथ जिलावासियों के समस्याओं का भी समाधान उपायुक्त की विशेषता है। भारतीय प्रशासनिक सेवा 2011 बैच के लोकप्रिय, कर्मठ एवं लोगों की पीड़ा व्यथा जानने के साथ ही उसके समाधान हेतु गंभीर प्रयास करना लोहरदगा के उपायुक्त श्री वाघमारे की उपलब्धि और विशेषता है। लोहरदगा जिला जो कभी विकास की कमी के कारण उपेक्षा का दंश झेल रहा था। वहीं उपायुक्त के रूप में योगदान देने वाले श्री वाघमारे के सार्थक प्रयास और पहल का ही परिणाम है कि लोहरदगा जिला अब विकास के मार्ग पर व्यापक और बेहतर रूप से चल पड़ा है और इस जिला में विकास गति काफी बेहतर मानी जा रही है और केन्द्रीय मंत्री के आगमन पर लोहरदगा जिला को बेहतर और विकसित तथा विकास के मार्ग पर देखकर केन्द्रीय मंत्री ने उपायुक्त की मुक्त कंठ से सराहणा की जो निश्चित तौर पर जिला प्रशासन और उपायुक्त के लिए उपलब्धि और गौरव की बात है। लोहरदगा जिला के श्री वाघमारे 41वें उपायुक्त के रूप में 2 मार्च 2022 को इन्होंने लोहरदगा उपायुक्त बनाये गये। श्री वाघमारे 33 माह के कार्यकाल में ही जिला को विकसित और बेहतर जिला बनाने में भी सफल रहे हैं। जन समस्याओं के निराकरण हेतु सतत प्रयत्नशील रहने वाले उपायुक्त के बेहतर कार्यप्रणाली का ही यह परिणाम है कि जिला में विकास गति काफी बेहतर मानी जाती है। यही नहीं उपायुक्त श्री वाघमारे लोगों की पीड़ा और समस्या जानने के लिए उनसे मिलने के साथ-साथ उनके व्यथा और समस्या को सुनने और जानने के तत्क्षण उसके समाधान हेतु भी कारगर पहल करते हैं जिससे जिला प्रशासन के प्रति लोगों का विश्वास और साख दोनों काफी बढ़ा है। उपायुक्त के बेहतर संवेदना का ही यह उदाहरण है कि कई घंटों तक वे लोगों से मिलकर उनकी पीड़ा को हर संभव जानने और सुनने का कार्य भी करते हैं। जिलावासी भी ऐसे उपायुक्त के कार्यों से काफी हर्षित हैं क्योंकि जिला के सर्वोच्च अधिकारी उनके बातों को जानने और सुनने के लिए हमेशा तत्पर रहते हैं। श्री वाघमारे इससे पूर्व खूँटी जिला के भी लोकप्रिय उपायुक्त के रूप में पदस्थापित रह चुके हैं। श्री वाघमारे खूँटी के सातवें उपायुक्त के रूप में 14 फरवरी 2015 से लेकर 31 मार्च 2016 तक पदस्थापित रहें ऐसे उपायुक्त से निश्चित तौर पर राज्य और जिला गौरवान्वित होता है।